इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व
छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित
लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व
छत्तीसगढ़ शासन से
विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -269 राजनांदगांव, शनिवार 17 अगस्त 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

धमाका
ई रिक्शा के क्षेत्र में आलफाईन लाए है...
SINE WAYE TECHNOLOGY से
प्रति चार्जिंग 200 KM चलने वाला
भारत का पहला ई-रिक्शा
7 वर्षो से ई रिक्शा बैटरी, स्पेयर्स पार्ट्स
एवं बेहतरीन गुणवत्ता के लिए.....
गणेश ट्रेडिंग, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव, 70004 70280
★ नंदई मोहारा रोड़ 7999898741 ★ खैरागढ़ (धमधा रोड़) 9425500166

यूसीसी पर एनडीए में फूट, पीएम मोदी के बयान पर या बोली जेडीयू और टीडीपी?

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 78वीं सालगिरह पर लाल किले से अपने भाषण में समान नागरिक संहिता का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश का एक बहुत बड़ा वर्ग मानता है कि जिस नागरिक संहिता को लेकर हम लोग जी रहे हैं, वह सचमुच में साम्प्रदायिक और भेदभाव करने वाली संहिता है। मैं चाहता हूं कि इस पर देश में गंभीर चर्चा हो और हर कोई अपने विचार लेकर आए।

यूसीसी मुद्दे पर एनडीए के सहयोगी दल एकमत नहीं

वहीं, इस मुद्दे पुर अब एनडीए के ही सहयोगी दल एकमत नहीं है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में भाजपा की सबसे बड़ी सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी का बयान सामने आया है। पार्टी ने कहा कि वह अपने रुख को अंतिम रूप देने से पहले इसका मसौदा सामने आने का इंतजार करेगी। वहीं, उसकी दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) ने कहा कि पार्टी ऐसे किसी भी सुधार का समर्थन करती है।

यूसीसी पर टीडीपी ने क्या कहा?

जदयू के प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि धार्मिक समूहों और राज्यों सहित सभी हितधारकों से बात करके आम सहमति बनाने के बाद ही इस पर जोर दिया जाना चाहिए। तेदेपा संसदीय दल के प्रमुख लावू श्रीकृष्ण देवरायलु ने कहा कि उनकी पार्टी यूसीसी पर अपना रुख स्पष्ट करने से पहले समान नागरिक संहिता से जुड़े प्रस्ताव के मसौदे का इंतजार करेगी।

यूसीसी पर मसौदे का इंतजार करेगी पार्टी - चिराग पासवान

पार्टी की एक अन्य सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने भी इस बारे में कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया है। पार्टी के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने हाल ही में देश भर में सांस्कृतिक, भाषाई और क्षेत्रीय विविधताओं को रेखांकित करते हुए आश्चर्य जताया था कि सभी को एक छतरी के नीचे कैसे लाया जा सकता है। पिछले महीने उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी कोई रुख अपनाने से पहले समान नागरिक संहिता पर मसौदे का इंतजार करेगी।

जदयू ने सामाजिक टकराव का कारण बन सकता

त्यागी ने अपनी बात रखने के लिए जद(यू) अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 2017 में विधि आयोग को दी गई जानकारी का हवाला दिया। मालूम हो कि नीतीश कुमार ने *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

उदयपुर में हिंसा : स्कूली छात्रों के झगड़े के बाद तोड़फोड़ और पथराव, गाड़ियों में लगा दी आग, धारा 144 लागू

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में बवाल मच गया। शुक्रवार को सरकारी स्कूल के दो स्टूडेंट के झगड़े के कारण शहर का माहौल बिगड़ गया। लोगों ने शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ की और पथराव किया। गैरेज में खड़ी कारों को आग भी लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। इसके बाद कलेक्टर ने शहर में धारा-144 लागू कर दी गई। संभागीय आयुक्त ने रात 10 बजे से आगामी 24 घंटे तक के लिए नेटबंदी का आदेश जारी किया है। शहर में अभी भी हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं, रात 8 बजे के बाद किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

इंटरनेट सेवा बंद

जानकारी के मुताबिक, राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भट्टियानी चौहट्टा में एक स्टूडेंट ने दूसरे छात्र को चाकू से हमला कर घायल कर दिया। इसके बाद नाबालिग आरोपी फरार हो गया। स्कूल के टीचर घायल स्टूडेंट को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले का पता चलते ही हिंदू संगठनों ने शहर के चेतक सर्किल, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापू बाजार और घंटाघर एरिया में दुकानें बंद करवा दीं। इसके बाद भीड़ हिंसक हो गई।

तीन बार चाकू से जांघ में किया वार

दोनों नाबालिग छात्रों की उम्र 15 साल है। दोनों दसवीं क्लास में पढ़ते हैं। दोनों किसी बात को लेकर विवाद हो गया। लंच हुआ तो दोनों के बीच स्कूल के बाहर झगड़ा हुआ। झगड़े में एक स्टूडेंट ने दूसरे की जांघ में चाकू से दो-तीन बार वार कर घायल कर दिया। घायल चिल्लाने लगा तो टीचर दौड़कर बाहर आए। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया।

चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात

बच्चे के परिजन को जानकारी मिली तो वे एमबी अस्पताल पहुंचे। हिंदू संगठनों के लोग भी हॉस्पिटल पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में बड़ी पहल : स्वास्थ्य मंत्री बोले-जल्द ही हॉस्पिटल्स को थानों से करेंगे कनेक्ट

रायपुर। कोलकाता में रेप के बाद लेडी डॉक्टर की हत्या के मामले से उपजा आक्रोश छत्तीसगढ़ में भी फैल गया है। शुक्रवार को मेडिकल कालेज के अलावा एम्स के डॉक्टरों ने भी हड़ताल कर दिया है। इस पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्थानीय डॉक्टरों को सुरक्षा का आश्वासन देते हुए कहा है कि, जल्द ही सभी हॉस्पिटल्स को करीबी पुलिस थानों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बंगाल की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि, दोषियों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, जो पूरा देश चाहता है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे

श्री जायसवाल ने कहा है कि, प्रदेश में जल्द ही पुलिस स्टेशन और स्वास्थ्य केंद्रों को कनेक्ट करेंगे। ताकि किसी अप्रिय स्थित में तत्काल मदद मिल सके और ऐसी घटनाओं को रोका जा सकेगा। उन्होंने इसके अलावा भी छत्तीसगढ़ के डॉक्टर्स और नर्सेस को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने का भरोसा दिलाया है।

हमारी सरकार घोषणा नहीं करती है काम करती है

स्वतंत्रता दिवस पर सरकार द्वारा कोई घोषणा नहीं करने पर कांग्रेस ने सवाल उठाया है। इस पर पलटवार करते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा कि, बीजेपी घोषणावीर सरकार नहीं हैं, डबल इंजन की सरकार *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

दो राज्यों की विधानसभा चुनावों का ऐलान: जम्मू-कश्मीर में 3 फेज और हरियाणा में एक चरण में वोटिंग, 4 अक्टूबर को नतीजे

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का ऐलान कर दिया। जम्मू-कश्मीर में 3 चरण और हरियाणा में सिंगल फेज में वोटिंग होगी। दोनों राज्यों के नतीजे एक साथ 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे। इलेक्शन कमीशन के शेड्यूल के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में मतदान की शुरुआत 18 सितंबर से होगी। दूसरे और तीसरे फेज में 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। वहीं, हरियाणा में एक ही चरण में 1 अक्टूबर को मतदान होगा। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव कराए जा रहे हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- लोकसभा चुनाव के बाद यह हमारा दूसरा पड़ाव है। लोकसभा चुनाव दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्शन प्रोसेस थी, जो शांतिपूर्व तरीके से संपन्न हुई। इसमें कई रिकॉर्ड बने। जम्मू-कश्मीर में पोलिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतारें, लोकतंत्र की मजबूती की झलक थी। वहां की आवाम अब बदलाव चाहती है, वे खुद अपनी किस्मत लिखना चाहते हैं। घाटी में लोगों ने हिंसक घटनाओं को नकारा और बुलेट-बैलेट की लड़ाई में बैलेट की जीत हुई।

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव शेड्यूल

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद केंद्र सरकार ने इसे 2 केंद्र शासित प्रदेशों कश्मीर और लद्दाख में बांटा था। सुप्रीम कोर्ट ने 30 सितंबर तक चुनाव कराने का आदेश दिया था, साथ ही कहा था कि जम्मू-कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा वापस दिया जाए। इसके बाद कई राजनीतिक दलों और नेताओं ने भी यहां जल्द चुनाव कराने की मांग की।

जम्मू-कश्मीर में कुल विधानसभा सीटें - 90 (बहुमत 46), कुल वोटर- 87 लाख 9 हजार, पोलिंग स्टेशन- 11 हजार 800

जम्मू-कश्मीर (3 फेज में वोटिंग)

पहला चरण : नोटिफिकेशन- 28 अगस्त, वोटिंग - 18 सितंबर

दूसरा चरण- नोटिफिकेशन - 29 अगस्त, वोटिंग-25 सितंबर

तीसरा चरण - नोटिफिकेशन - 05 सितंबर, वोटिंग 1 अक्टूबर

हरियाणा में विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म होने वाला है। चुनाव आयोग ने बताया कि हरियाणा के गुरुग्राम में मल्टीस्टोरी में भी पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। हरियाणा (सिंगल फेज में वोटिंग) में नोटिफिकेशन - 5 सितंबर, वोटिंग 1 अक्टूबर को होगी। **महाराष्ट्र और झारखंड में भी इसी साल चुनाव-** इसी साल झारखंड और महाराष्ट्र में भी चुनाव होने हैं, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर ने पीएम मोदी को फोन किया : हिंदुओं की सुरक्षा का भरोसा दिलाया

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा- वीजा सख्ती लागू रहेगी

नई दिल्ली। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने पीएम नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है। मोहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में हिंदुओं और दूसरे अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर पीएम मोदी को भरोसा दिलाया। बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि भारत बांग्लादेश में लोकतंत्र, स्थिरता और शांति की बहाली का समर्थन करता है। मोदी ने बातचीत को लेकर 𝕏 पर पोस्ट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए भाषण में बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की थी। बांग्लादेश में हुए हिंसक प्रदर्शनों में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़े हैं। अब तक हिंदुओं पर हमले के 205 से अधिक मामले सामने आए हैं।

विदेश मंत्रालय बोला- हिंदुओं की स्थिति को लेकर चिंतित

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम स्थिति का लगातार जायजा ले रहे हैं। बांग्लादेश में भारत के हाईकमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश मामलों के एडवाइजर से मुलाकात की। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

इसरो की एक और उपलब्धि, एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और यात्री उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

श्रीहरिकोटा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और सफल मिशन में शुक्रवार सुबह लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-8 और एक यात्री उपग्रह का निर्धारित कक्षा में प्रक्षेपण किया। देर रात 0247 बजे शुरू हुई 6.5 घंटे की छोटी और सफल उलटी गिनती के बाद एसएसएलवी-डी3 ने शार रेंज के पहले लांच पैड से निर्धारित समय 09.17 बजे अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक शानदार उड़ान भरी। यह अपने साथ 175.5 किलोग्राम वजनी ईओएस-08 और एसआर-0 डेमोसैट को पेलोड लेकर गया है।

उड़ान भरने के लगभग 17 मिनट बाद 120 टन 'लिफ्ट ऑफ मास' वाले 34 मीटर लंबे एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और स्पेस किड्ज़ इंडिया द्वारा विकसित 0.2 किलोग्राम वजनी एसआर-0 डेमोसैट को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में भूमध्य रेखा पर 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया।

यह मिशन प्रतिष्ठित प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन के लिए अधिक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेगा और क्रू मॉड्यूल के व्यूपोर्ट पर पेलोड में से एक गामा विकिरण के लिए उच्च खुराक अलार्म सेंसर के रूप में काम करेगा। मिशन की कामयाबी के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र में खुशी का माहौल देखा गया। वहां मौजूद इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ सहित वैज्ञानिकों ने एक-दूसरे को बधाई दी। वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए श्री सोमनाथ ने कहा कि एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ। उड़ान भरने के बाद दोनों उपग्रहों को बिल्कुल सटीक कक्षा में स्थापित कर दिया गया।

इसरो ने मिशन को पहले गुरुवार के लिए निर्धारित किया था लेकिन इसे बाद में शुक्रवार के लिए पुनर्निधारित किया गया। इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि उपग्रहों को सटीक तरीके से कक्षा में स्थापित कर दिया गया है। कोई विचलन नहीं है और सौर पैनल तैनात हैं। एसएसएलवी की अंतिम विकासात्मक उड़ान के पूरा होने के साथ ही यह तकनीक अब उद्योग को हस्तांतरित कर दी जाएगी।

श्री सोमनाथ ने मिशन की सफलता के लिए पूरी एसएसएलवी टीम की भी सराहना की। आज की उपलब्धि के साथ एसएसएलवी परिचालन चरण में प्रवेश कर गया है। इसरो ने कहा कि यह मिशन एसएसएलवी विकास परियोजना को पूरा करता है और भारतीय उद्योग और एनएसआईएल के परिचालन मिशन को सक्षम बनाता है। ईओएस-08 मिशन का उद्देश्य एसएसएलवी वाहन प्रणालियों के दोहराए जाने योग्य उड़ान प्रदर्शन को प्रदर्शित करना था।

ईओएस -08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में एक माइक्रोसैटेलाइट को डिजाइन करना और विकसित करना, माइक्रोसैटेलाइट बस के साथ संगत पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को शामिल करना शामिल है।

अटल जी को नमनः पुण्यतिथि पर सीएम साय ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता भारत रत्न स्व. वाजपेयी को अर्पित किए श्रद्धासुमन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को अपने निवास में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर डॉ. रामप्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि श्रद्धेय अटल जी हमारे राज्य निर्माता हैं। छत्तीसगढ़वासियों का उनसे विशेष लगाव रहा है। उन्होंने इस भौगोलिक क्षेत्र को नए राज्य के रूप में आकार देकर प्रदेशवासियों की भावनाओं का सम्मान किया। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे।

अटल जी की योजनाओं से ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली

पत्रकार, कवि और राजनेता के रूप में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में हो या विदेश मंत्री के रूप में उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए अमिट छाप छोड़ी है। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए देश में अनेक ऐसी योजनाएं लागू की गईं, जिनसे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल गई। श्रद्धेय स्वर्गीय श्री अटल जी भारत के हर एक नागरिक की स्मृतियों में है।

युगपुरुष थे अटल जी

श्री साय ने कहा कि वे ऐसा राजनेता थे, जिन्हें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी का स्नेह मिला। अटल जी मां भारती की यश और प्रतिष्ठा के लिए आजीवन समर्पित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय श्रद्धेय अटल जी के साथ मेरी अनेकों स्मृतियां हैं, जो मुझे हमेशा प्रेरित करती हैं। श्री साय ने कहा कि अटल जी युगपुरुष थे, उन्होंने सुशासन का मंत्र दिया और आज हम उसी रास्ते पर आगे बढ़ते हुए छत्तीसगढ़ का विकास सुनिश्चित कर रहे है।

'पंचायत से केंद्र तक मिशन मोड में करना होगा काम', विकसित भारत बनाने के लिए पीएम मोदी ने लाल किले से किया आह्वान

नई दिल्ली। सुगम जीवन की अनुभूति को विकसित भारत की एक प्रमुख कसौटी मानते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंचायत से लेकर केंद्र सरकार तक शासन के हर स्तर पर सभी से इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए मिशन मोड में काम करने के लिए कहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में पीएम ने कहा कि सुगम जीवन यानी ईज आफ लिविंग के स्तर में सुधार के लिए दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है।

पीएम ने कहा कि जन प्रतिनिधि किसी भी दल के हों, उन्हें इस काम में कंधे से कंधे मिलाकर जुटना होगा। प्रधानमंत्री ने खास तौर पर शहरी क्षेत्रों में जीवन स्तर की गुणवत्ता बेहतर बनाने के लिए संस्थागत और सेवाओं में सुधार पर जोर दिया। पीएम ने कहा कि इसके लिए बुनियादी ढांचे में अनवरत सुधार जरूरी है। पीएम ने सरकारी सेवाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने की प्रणाली को भी मजबूत करने पर जोर दिया।

मध्यम वर्ग के जीवन स्तर में सुधार की जरूरत

उनकी दृष्टि उस मध्यम वर्ग के जीवन स्तर में सुधार की ओर थी, जिसकी शिकायत रहती है कि उसे सरकारी सिस्टम में अनदेखी का शिकार होना पड़ता है। पीएम ने कहा कि मध्यम वर्ग राष्ट्र को बहुत कुछ देता है और इसके बदले में उसकी आकांक्षा एक स्तरीय जीवन की होती है। यह देश का भी दायित्व है कि जीवन स्तर में सुधार और सरकार की कठिनाइयों से मुक्ति के लिए उसकी जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें पूरा करने के लिए काम किया जाए।

पीएम ने कहा कि उनका सपना है कि विकसित भारत की एक इकाई (कसौटी) यह भी होगी कि जहां सरकार की जरूरत हो वहां इसका अभाव न हो और सरकार की कमी का कोई प्रभाव न पड़े। पीएम ने याद दिलाया कि किस तरह गैरजरूरी सरकारी अनिवार्यताओं को कम करने के लिए डेढ़ हजार से ज्यादा कानूनों को खत्म किया गया है। सुगम जीवन की संकल्पना व्यापक है, लेकिन इसके पांच महत्वपूर्ण आयाम-पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल, भूमि और संपत्ति हैं। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

एसीबी-ईओडब्ल्यू की 20 टीमों ने मारा छापाः आय से अधिक संपत्ति का मामला, चार राज्यों में चलाया बड़ा अभियान

रायपुर (दावा)। एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू ने संयुक्त रूप से आय से अधिक संपत्ति के मामले में कई राज्यों में छापे मारे हैं। निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया से संबंधित अनेक ठिकानों पर दबिश दी है। सूत्रों के मुताबिक ईओडब्ल्यू की 20 टीमों ने छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, कर्नाटक और बैंगलोर में कई ठिकानों पर छापा मारा है।

सूत्रों के मुताबिक, आय से अधिक संपत्ति के मामले में छत्तीसगढ़ के भिलाई, रायगढ़, कोरबा के अलावा झारखंड, राजस्थान, कर्नाटक और बैंगलोर में छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी/ईओडब्ल्यू के 20 स्पेशल टीम तैयार की गई है। इनमें से 16 टीमें छत्तीसगढ़ में, राजस्थान, झारखंड, कर्नाटक और बैंगलोर में एक-एक टीम कार्रवाई कर रही है। तीनों अफसरों के ठिकानों से करोड़ों रुपयों की संपत्ति की जानकारी मिली है।

राजस्थान के अनूपगढ़ और हनुमानगढ़ में छापे

सूत्रों के मुताबिक, निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई ने अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा ससुराल में इन्वेस्ट किया है। उसी की तलाश में एक टीम समीर बिश्नोई के राजस्थान में अनूपगढ़ और हनुमानगढ़ पहुंची है। सूत्रों के मुताबिक, राजस्थान में समीर बिश्नोई ने कई एकड़ जमीन खरीदने के अलावा रूई और बर्फ की फैक्ट्रियों में पैसा लगाया है। फिलहाल ईओडब्ल्यू की बड़ी टीम समीर के ससुराल में कार्रवाई कर रही है। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया के बैंगलोर स्थित घर पर छापेमारी जारी है। साथ ही सौम्या चौरसिया के झारखंड स्थित ठिकानों पर भी रेड पड़ी है।

अफसरों के खास रहे कारोबारियों पर भी छापे

इसके अलावा छत्तीसगढ़ में इन तीनों अफसरों के खास रहे व्यापारियों के ठिकानों पर भी छापेमारी की जा रही है। इनका प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोयला लेवी या फिर सौम्या चौरसिया, रानू साहू और समीर बिश्नोई के कारोबार से कोई ना कोई लिंक है। इनमें होटल कारोबारी, *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

स्वतंत्रता दिवस पर जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

जन-मन गान, वंदे मातरम सहित माहौल में गूंजी देश भक्ति का तराना, घर-घर में तिरंगा... हर घर तिरंगा ने बनाया जबरदस्त माहौल

राजनांदगांव (दावा)। पूरे देश भर में हफ्ते भर से चल रहे घर-घर तिरंगा. हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश भक्ति का जबरदस्त माहौल बना हुआ है। इस पर देश की 78 वीं स्वतंत्रता दिवस के आयोजन ने इसे और भी चरमोत्कर्ष पर पहुंचा दिया। इससे पूरे देश भर में स्वतंत्रता दिवस की खुशियां और भी बढ़ गई। बता दें कि देश की आजादी के अमृत महोत्सव के कारण तिरंगा रैली के माध्यम से लोगों को आजादी का महत्व व देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की बलि देने वाले लोगों के प्राणोत्सर्ग की भावना को बताया जा रहा था। इससे पूरे देश भर में देशभक्ति व राष्ट्र प्रेम का बयार बह चल रही थी। इसका क्लाईमेक्स 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन हुआ। इस दिन लोगों मेंअपने देश की आजादी की खुशियां चहुंओर बिखरी रही। लोगों द्वारा सुबह से प्रभात फेरी निकाली गई... गांधी जी के प्रिय भजन रघुपति राघव.. राजा राम. गाए गए और हर्षोल्लास के साथ जगह-जगह झंडारोहण किया गया। इस दौरान स्कूल कालेजों से लेकर विभिन्न संस्था-संगठनों के कार्यालय भवनों में धूमधाम से तिरंगा झंडा फहराया गया और आजादी की खुशी में लड्डू बांटे गए। इस अवसर पर जन-मन-गान व वंदे मातरम सहित माहौल में राष्ट्र भक्ति से भीगे गीतों की गूंज रही, वही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी छटा बिखरी रही।

लोहाणा गुजराती समाज में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मना

आज़ादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास पूर्वक लोहाणा महाजन वाड़ी में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुंबई के युवा कथाकार भागवताचार्य पूज्य नरेश भाई राज्यगुरु द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ में विशेष अतिथि पूज्य हरेश भाई राज्यगुरु थे। पूज्य नरेश भाई ने देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को याद कर उनका योगदान बताया, साथ ही हमारे देश की शान तिरंगे के चारों रंग का अर्थ बताकर अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर लोहाणा समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष दीपक बुद्धदेव सहित महिला मंडल अध्यक्ष नीता डी. रायचा, युवा मंडल अध्यक्ष हिमांशु रायचा के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व सचिव योगेश कोटक द्वारा दी गई।

महावीर सनसिटी परिवार

नगर की प्रख्यात कॉलोनी सनसिटी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आज़ादी का महापर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष पहली बार आज़ादी के महापर्व की पूर्व संध्या पर भव्य तिरंगा मार्च निकाला गया। यह विशाल रैली सर्वप्रथम ब्लॉक, से होते हुए ब्लॉक क्ष्ट व ष्ठ का भ्रमण करते हुए योगा शेड के पास पूर्ण हुई, इसमें बच्चे बड़े महिलाएं पुरुष सभी तिरंगे के रंग में नजर आए, एक अलग ही नज़ारा देखने को मिला, इनके प्रभारियों अतुल चोपड़ा, सुशील माहेश्वरी, कीर्ति अग्रवाल, दीप्ति बिंदल, रितिका पांडे तिवारी द्वारा खूब मेहनत कर इसे सफल बनाया गया। 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि मनोज चितलांग्या द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर फैंसी ड्रेस, 15 अगस्त पर स्पीच तथा देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, इन कार्यक्रम के प्रभारी पिंकी माहेश्वरी, नीलम सोनी, रितिका पांडे तिवारी थे, सभी ने मिलकर कार्यक्रम को शानदार बनाया। साथ ही सनसिटी में सभी घरों में कार्यरत कर्मचारी के बच्चों को कक्षा 1 से 8 तक की शिक्षा सामग्री वितरण की गई। इसी कड़ी में योगा शेड के पास निर्माण किए गए एक्युप्रेशर पथ का उद्घाटन महावीर ग्रुप के चेयरमैन विनोद बोहरा द्वारा किया गया। अंत में पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार प्रकट सनसिटी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सनसिटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, सचिव दिलीप गोलछा, कोषाध्यक्ष राजेश डागा सहित सभी पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अशोक स्तंभ चौक

छत्तीसगढ़ के प्रथम अशोक स्तंभ चौक भरकापारा में स्वाधीनता के 78 वें राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, अध्यक्षता पूर्व पार्षद श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि सूर्यकांत जैन, सेवकराम मेश्राम, श्रीमती बुद्धि मित्रा वासनिक, श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी थे। कार्यक्रम के आरंभ में सर्वप्रथम अशोक स्तंभ चौक में स्थित अशोक स्तंभ व राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के तैलचित्र पर माल्यापर्ण किया गया व पुष्प अर्पित किये गए। ततपश्चात अतिथियों द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर राष्ट्रगान गाया गया तथा मुख्य अतिथि जितेन्द्र मुदलियार, अध्यक्षता कर रही। प्रज्ञा गुप्ता द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देकर राष्ट्र को मजबूत बनाने व विश्व के उच्च शिखर पर पहुँचाने की बात कही। अंत में आभार प्रदर्शन अधिवक्ता पंकज गुप्ता द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जितेश सिमनकर, राजेश बाघमारे, सतीश सोनपिपरे, संघप्रिय वासनिक, संजय बोरकर, प्रतिमा वासनिक, निर्मला रामटेके, ईश्वरी ठाकुर, उषा रामटेके, ममता जैन, संगीता ठावरे, आदि मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

गांधी प्रतिमा पुराना बस स्टैंड

पुराना बस स्टैण्ड स्थित दुर्लभ गांधी प्रतिमा स्थल पर परंपरानुसार 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, ज्ञातत्व है कि देश में स्थित कुल 3 आदमकद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 3 मूर्तियों में एक संस्कारधानी में स्थित है। गाँधी स्मारक समिति द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, अध्यक्षता गाँधी स्मारक समिति के अध्यक्ष सुमीत शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में अधिवक्ता पंकज गुप्ता उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्पीकर हाऊस में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव स्थित स्पीकर हाऊस में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

आस्था मूकबधिर शाला में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

देश भक्ति से ओतप्रोत देश भक्ति गीतों के साथ आस्था मूकबधिर शाला में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव के द्वारा सरस्वती माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। आस्था मूकबधिर शाला के बच्चे सुन, बोल नहीं सकते, फिर भी गाने की धुन पर बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति देखते ही बनती है। आस्था समाजसेवी संस्था जो कि एक पुनर्वास केंद्र भी है जहाँ पर ऐसे बच्चे पढ़ाई करते हैं, जो महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से हैं। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने बताया कि 25 वर्षों से संचालित यह संस्था का उद्देश्य मूक बधिर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है, पढ़ाई के साथ साथ यहाँ खेल कूद, नृत्य आदि भी सिखाया जाता है।स्वतंत्रता दिवस अवसर पर बच्चों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति को देख अतिथियों ने जमकर तारीफें की, इन बच्चों की काबिलियत के आगे बड़े लोगों की भी काबिलियत कुछ नहीं है। इस कार्यक्रम में आस्था मूकबधिर शाला परिवार के साथ लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण

आजादी के 78वें स्वंत्रता दिवस के अवसर पर महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में हर्षोल्लास के साथ समाजसेवी सतीश भट्टड़ के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्षता अशोक पारख, विशेष अतिथि राजेंद्र लड्ढा व अनिल पारख की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री भट्टड़ व अध्यक्षता कर रहे श्री पारख ने देश को आजादी दिलाने में शहीद हुए सभी वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि इस आजादी को बरकरार रखना हम सब की जिम्मेदारी है। आज जितना खतरा देश की बाहरी सीमा से है उससे ज्यादा खतरा देश के भीतर में असुर शक्तियों से व्याप्त है जिससे हमें सजग रहना होगा। कार्यक्रम को प्रमोद बागड़ी, सुभाष अग्रवाल, दीपा बागड़ी एवं कल्पना डाकलिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष लूनिया ने किया।इस अवसर पर सामूहिक वृक्षारोपण भी किया गया।

सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन

छत्तीसगढ़ी सरयूपारीय ब्राह्मण सभा भवन कौरिन भांठा जिला राजनांदगांव मे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष शरद तिवारी, गौरीशंकर शर्मा, श्रीमती कुसुम दुबे, रुपेश दुबे, श्याम किशोर शर्मा, आर.के. मिश्रा, संजय तिवारी, पोषण शुक्ला, भूपेश तिवारी, अजय शर्मा, उमेश शुक्ला जीत शर्मा, पवन तिवारी, उदय भान ठाकुर, विष्णु नंद चौबे उपस्थित थे।

आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने किया मोहारा फिल्टर प्लांट व स्वीमिंग पुल में ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के 78वीं वर्षगाठ के अवसर पर मोहारा फिल्टर प्लांट एवं स्वीमिंग पुल में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने ध्वजा रोहण किया। दोनो जगह अलग अलग आयोजित कार्यक्रम में ध्वजा रोहण उपरांत राष्ट्रगान के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों ने ध्वज को सलामी दी।

स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता का मूल अर्थ अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझना एवं उसके आधार पर अपने समाज व देश के लिये कार्य करना है, तभी आजादी की सार्थकता होगी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि सभी अपने दायित्वों को समझकर अपने अपने कर्तव्यों का इमानदारी से निर्वाहन करे, पार्षदों, जनप्रनिधियों एवं नागरिकों की समस्या का हर संभव निराकरण करे, तभी हमारे निगम का नाम रोशन होगा।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर ने कांग्रेस भवन में किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के 77वीं वर्षगांठ पर स्थानीय जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन में सुबह 8.30 बजे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चद्रवंशी ने किया। सर्वप्रथम कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल द्वारा पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, पीसीसी महामंत्री शाहिद खान, मेहुल मारू, पदम सिंह कोठारी, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, कांग्रेस महिला अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत, को तिरंगा गमछा एवं गांधी टोपी पहनाकर सम्मानित किया तथा राष्ट्पिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व्दारा ध्वजारोहण किया तत्पश्चात कांग्रेसजनो द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी देकर राष्ट्रीय गीत गाया गया। तत्पश्चात प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का संदेश वाचन शहर कांग्रेस प्रवक्ता महेन्द्र शर्मा ने किया।

गुरभेज सिंग माखीजा एवं निलेश पाडेय युवा कांग्रेस द्वारा ध्वजारोहण किया गया

युवा कांग्रेस राजनांदगांव (शहर) जिलाध्यक्ष गुरभेज सिंग माखीजा के मार्गदर्शन एवं निलेश पांडेय निक्कू उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस राजनांदगांव के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे कैंपेन शक्ति सुपर शी के तहत आज राजनांदगांव उत्तर ब्लॉक में युवा बहनों के हाथों से ध्वजारोहण कराया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव एवं शक्ति सुपर शी कैंपेन स्टेट इंचार्ज प्रीति वैष्णव उपस्थित रही।

महंत राजा सर्वेश्वरदास (स्वामी आत्मानंद) स्कूल में सूर्यवंशी ने फहराया तिरंगा

आजादी के 78 वें दिवस पर प्रबंधन व शाला विकास समिति के अध्यक्ष नव मनोनीत अध्यक्ष कमलेश सूर्यवंशी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर में भारत माता एवं महंत राजा सर्वेश्वरदास तथा शहीद जवानों के तैल चित्र पर तिलक माल्यार्पण कर नमन किया। साथ ही छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति पर आधारित रंगारंग संस्कृति आयोजन किया गया। श्री सूर्यवंशी ने अपने उध्बोधन में देश के लिए त्याग तपस्या और बलिदान देने वाले समस्त क्रांतिकारी महापुरूषों के योगदान को याद करते हुए अध्यनरत विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस पर आज कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को तिरंगे की शपथ दिलाई। इस मौके पर सभी ने हर घर तिरंगा कैनवास बोर्ड पर हस्ताक्षर भी किया। कलेक्टर ने इस दौरान कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला कार्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मुलाकात की।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र हमारी सबसे बड़ी ताकत है। भारतीय संविधान में सभी के लिए विकास के रास्ते खुले है। संविधान में अधिकार के साथ ही कर्तव्य भी हैं। हम सभी को अपना फर्ज निभाना है। हम एक दुसरे की स्वतंत्रता का ध्यान रखेंगे तभी स्वतंत्रता के असली स्वरूप को पहचान सकेंगे। समय आ गया है कि हम वर्तमान को बेहतर करने के साथ ही भविष्य के लिए अच्छा करने की सोंचे। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है। हमें भी अपने दायित्वों को निभाना होगा। हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण में बढ़ते तापमान, भू-जल स्तर में आ रही लगातार कमी, साफ-सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए सकारात्मक कार्य करें। इसके लिए सामूहिक प्रयास होना चाहिए। हमें खुशियों के लिए प्रकृति से जुड़ाव रखना होगा। अपने परिजन एवं मित्रों के लिए तभी हम बेहतर कर पाएंगे।

श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मोहन सुन्दरानी प्रस्तुत
का इही ला कइथे मया
छत्तीसगढ़ी भाषा में
पारिवारिक, सुमधुर गीत एवं संगीत से परिपूर्ण
आगामी ता.15
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th Aug to 22nd Aug 2024
Stree 2 - 12:00, 12:30, 03:00, 03:30, 06:00, 06:30, 09:00 & 09:30 pm
Vedaa - 03:15 & 06:15 pm
Khel Khel Mein - 12:15pm & 9:15pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

राजनांदगांव (दावा)। महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में ध्वजारोहण करते हुए एसएमडीसी के अध्यक्ष प्रदीप अवथनकर।

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-3131/NIT-04/2024-25/व ले लि
दिनांक: 13/08/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28/08/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि-03/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 04/09/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा कारो की श्रेणी - ''द'' श्रेणी से ''अ'' तक

एनआईटी क्रं. निविदा क्रं.	कार्य का नाम/ No Of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू.में) बैंक साल्वेंसी (रू.में)
1	2	3
4 T0007	जिला न्यायालय परिसर, कबीरधाम के उद्यान हेतु लोहे की फेंसिंग कार्य दो लोहे के दरवाजे लगाने का कार्य-प्रथम आमंत्रण	5.77 5000.00 86550.00
4 T0008	जिला कबीरधाम स्थित बालगृह में सायकल/मोटर स्टैण्ड का निर्माण कार्य-प्रथम आमंत्रण	17.13 12850.00 257000.00

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic/pdwraipur में Live Tendar के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग में किया जा सकता है।

जी-242501849/2
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा

रॉयल किड्स कॉन्वेंट में ध्वजारोहण के साथ रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

राजनांदगांव (दावा)। शहर के ह्रदय स्थल में स्थित संस्थान रॉयल किड्स कॉन्वेंट में शाला के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी के द्वारा शाला के प्रशासक, बोर्ड मेंबर, प्राचार्य एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

रिया जैन की प्रभावशाली एंकरिंग के साथ हमारे विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, भाषण की प्रस्तुति की गई। बाल वाटिका के बच्चों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बनकर कविता पाठ, भाषण, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई इसी कड़ी में भारत के इतिहास की गौरव गाथा की भावपूर्ण अभिव्यक्ति बहुत सराहनीय रही। अनेकता में एकता नृत्य नाटिका, देशभक्ति नृत्य की भुरीद्भुरी प्रशंसा हुई। कारबी कैश और वशिष्ठ वाडेकर म्यूजिक टीचर के द्वारा मनभावन कार्यक्रम बच्चों को निर्देशित एवं प्रस्तुति दी गई। रिया नंदूरकर एवं चंद्रिका जगत ने शानदार डेकोरेशन कर सब का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें जिन छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर उपलब्धि हासिल हुई है उन्हें प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित किया गया वे इस प्रकार है- चारवी चंद्राकर (बैडमिंटन), तरुण साहू (फुटबॉल), दक्ष एवं अमल चौबे (हॉकी), दुष्यंत साहू सीआई एस सी ई (फुटबॉल नेशनल टूर्नामेंट), साक्षी रावटे रामायण व्याख्यानमाला, रीति मेश्राम फैशन शो में उपलब्धि प्राप्त कर अपनी जगह बनाई। इसी कड़ी में शाला के लिए समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओं के उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। शाला के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए देश भक्ति से संबंधित बातें बताई गई, हमारे क्रांतिकारियों के विचार हमें देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को गंभीरता से निभाने के लिए प्रेरित करते हैं हमें भाषा क्षेत्र धर्म और जाति के भेदभाव को मिटाकर अपने देश के प्रति प्रगति और समृद्धि के लिए एक जुट होकर काम करना चाहिए ,और हमारे सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों को हमे संजोकर रखना चाहिए । इस तरह समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की की ऐतिहासिक अधिकतम उपस्थिति में कार्यक्रम के सफल संचालन की खुशियों को चार चांद लग गए। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, निदेशक संजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, सीजी प्राचार्य सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्य ममता मिश्रा, कल्चरल एक्टिविटी इंचार्ज अपर्णा वर्मा, एचएम सरिता सिंह, कॉर्डिनेटर एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-9
599-3 247-3
राजधानी
4-5-7
290-1 349-6

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

कलेक्टर ने अपने निवास में किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजनांदगांव शहर के रामकृष्ण नगर स्थित अपने निवास में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, डिप्टी कलेक्टर हितेश्वरी बाघे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

गौमाता के संवर्धन और सुरक्षा में भाजपा सरकार विफल: कुलबीर

शहर कांग्रेस ने गोवंश सत्याग्रह अंतर्गत एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में भाजपा की सत्ता काबिज होने के बाद भाजपा सरकार की दिशाहीन, अदूरदर्शी व गैर जिम्मेदाराना रवैये के चलते पूरे प्रदेश की सड़कों व चौक-चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है जिस कारण कई बार मवेशियों को वाहन चालक रौंदकर निकल जाते है तो कई दफे मवेशियों की वजह से आमजनता दुर्घटनाओं का शिकार हो जाती है। मवेशियों की जमावड़े से राहगीरों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 अगस्त शुक्रवार को गौवंश सत्याग्रह कार्यक्रम के अंतर्गत जयस्तंभ चौक से मवेशियों को लेकर रैली निकाली गई। रैली शहर भ्रमण करते हुए अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राज्य की भाजपा सरकार द्वारा द्वेष की राजनीति अपनाते हुए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की लोकहितकारी योजनाओं बंद कर रही वहीं गौ माता की स्थिति एवं गौठानों सहित गोधन न्याय योजना को बंद कर दिया है। जिसकी वजह से आज प्रदेश में निरंतर गौ तस्करी का बढ़ावा मिल रही है वही मवेशियों को वाहन चालक रौंदकर निकल जाते है तो कई बार मवेशियों के कारण आमजनता दुर्घटनाओं का शिकार हो जाती है। शहर के चौक-चौराहों पर मवेशियों की जमावड़े होने से राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज जी के आदेशानुसार निरकुंश कुंभकरणी भाजपा सरकार को जगाने व गौवंश की रक्षा का संकल्प लेकर शहर कांग्रेस जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और कांग्रेसजनों के नेतृत्व में 16 अगस्त शुक्रवार को जयस्तंभ चौक रैली निकली जो मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक होते हुए एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर जल्द से जल्द इस समस्या से निजात दिलाने की बात की।

उक्त कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गौवंश के नाम पर केवल वोट मांगना जानती है जबकि उनकी सुरक्षा को लेकर व कतई गंभीर नहीं है।

कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस की सरकार का नारा ही था कि ''नरवा, गरवा, घुरवा बाड़ी'' ऐला बचाना है संगवारी और इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु कांग्रेस सरकार ने जगह-जगह गौठानों के माध्यम से गौ-वंश व अन्य मवेशियों के संरक्षण एवं संवर्धन का काम किया एवं गौ माता के गोबर की बिक्री से आम जनता को आर्थिक लाभ भी हुआ लेकिन आज भाजपा की सरकार आने के बाद ऐसे जनहितैषी योजनाओं को सरकार द्वारा बंद कर दिया गया है। जिसकी मैं कड़े शब्दों में भर्त्सना करता हूं। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आगे कहा कि यदि सड़क पर बैठे मवेशियों व उनके वजह से हो रही दुर्घटनाओं पर सरकार द्वारा जल्द अंकुश नहीं लगाया गया तो आज के इस सत्याग्रह के पश्चात लगातार प्रदर्शन जारी रहेगा।

प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश राठौर, रमेश डाकलिया, जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, रूपेश दुबे, मेहुल मारू, डा.थानेश्वर पाटिला, अगेश्वर देशमुख, गोवर्धन देशमुख, निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अजय मारकंडे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, शरद खंडेलवाल, मोहनी सिन्हा, आफताब अहमद, युकां अध्यक्ष गुरभेज माखिजा, शकील रिजवी, मनीष गौतम, रीना पटेल, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू कसार, प्रतिमा बंजारे, मुजीब अहमद, सुरेन्द्र देवांगन, प्रदीप शर्मा, प्रभात गुप्ता, मामराज अग्रवाल, खिलेश बंजारे, अतुल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, अवधेश प्रजापति, निकहत परवीन, शकील रिजवी, पार्षद दुलारी साहू, विनय झा, सतीश मसीह, महेश साहू, पूणिमा नागदेवे, संगीता साहू, सीताराम, विष्णु सिन्हा, ललिता साहू, संदीप सोनी, संतोष यादव, शिव साहू, बंशी सोनी, दीन साहू, प्रियेश मेश्राम, तजेन्द्र वैष्णव, धर्मेन्द्र साहू, घनश्याम मेश्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र शुक्ला ने किया सूचना आयोग में ध्वजारोहण

रायपुर (दावा)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग कार्यालय नवा रायपुर में राज्य सूचना आयुक्त नरेन्द्र शुक्ला ने ध्वजारोहण किया और राज्य के नागरिकों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत को स्वतंत्र कराने में हमारे वीर सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया जिसके कारण आज हम स्वतंत्र भारत में उन्मुक्त होकर कानून के अधीन स्वतंत्र जीवन यापन कर रहे हैं। हमें वीर सेनानियों के योगदान से सीख लेनी चाहिए ताकि हम सभी दायित्वों का निर्वहन करते हुए देश के काम आ सकें। देश की आजादी के लिए वीर जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अंग्रजों से लोहा लिया और देश को आजाद कराने के लिए अंतिम सांस तक लड़ते रहे। ऐसे वीर जवानों का बलिदान अविस्मरणीय रहेगा और आगामी पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना रहेगा। राज्य सूचना आयोग में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के समय राज्य सूचना आयुक्त आलोक चन्द्रवंशी, सचिव गोपाल वर्मा, उप सचिव श्रीमती आभा तिवारी, अवर सचिव डॉ. (श्रीमती) गीता दीवान सहित छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वेतन के लिए सफाई कर्मचारियों ने निगम के खिलाफ खोला मोर्चा

सफाई काम बंद कर शहर में निकाली रैली चरमराई सफाई व्यवस्था

राजनांदगांव (दावा)। दो-दो, तीन-तीन महिने तक वेतन नहीं मिलने से परेशान सफाई कर्मचारियों का आज गुस्सा फूट पड़ा। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर सफाई कर्मचारियों में शहर में रैली निकाली व बैनर-पोस्टर लहराकर निगम प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और प्रतिमाह एक से पांच तारीख के बीच सफाई कर्मचारियों की तनख्वाह देने के लिए आवाज बुलंद किया। बता दे कि दो-दो, तीन-तीन महिने से वेतन नहीं मिलने से बौखलाए सफाई कर्मचारियों ने आज नगर-निगम के खिलाफ मोर्चा ही खेल दिया और अपना सफाई काम बंद कर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए है। इससे शहर की सफाई व्यवस्था चरमराने लगी है।

बताया जाता है कि नगर निगम सफाई कर्मचारियों को कभी भी हर महिने तनख्वाह नहीं मिल पाता। इससे उन्हें आर्थिक संकटों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि बच्चों के स्कूल की फीस व गणवेश आदि के लिए लोगों को कर्ज मांगने की नौबत आन पड़ती है। घर चलाने से लेकर घर के किसी सदस्यों को बीमार होने पर हाथ में पैसा नहीं रहता। इससे दूसरों के आगे हाथ फैलाना पड़ता है। नगर निगम से प्रतिमाह तनख्वाह नहीं होने से प्रायः आर्थिक संकट में घिरे रहने वाले निगम के सफाई कर्मचारियों का आज सब्र का बाध फूट गया और बड़ी संख्या में महिला-पुरूष सफाई कर्मचारी हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सड़क पर निकल पड़े तथा रैली के रूप में शहर भ्रमण कर नगर निगम में धावा बोला। सफाई कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा के सामने एकत्रित होकर नगर निगम के खिलाफ नारे लगाए और शीघ्र ही वेतन की मांग की।

राखी के पहले वेतन

सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उपर से आदेश आने के बाद भी एक से पांच तारीख के बीच सफाई कर्मचारियों को वेतन मिल जाना चाहिए लेकिन निगम प्रशासन इस पर चुप्पी साधे रहता है। यहां तक कि महापौर व अन्य नेताओं द्वारा सफाई कर्मचारियों के वेतन में लेट-लतीफी नहीं करने की हिदायत दी गई है। इसके बाद भी आयुक्त द्वारा प्रतिमाह नियत समय पर वेतन नहीं दिया जाता। सफाई कर्मचारियों की निगम में कोई सुनवाई नहीं है। कर्मचारियों ने कहा कि राखी के पहले वेतन मुहैया कराई जाने के लिए उन्हें अपनी आवाज फिर से बुलंद करनी चाहिए। सफाई कार्य बंद कर उन्हें अपने हक के लिए आवाज उठाने सड़क पर आनी पड़ी है। उनका कहना है कि राखी त्यौहार के पूर्व उन्हें तनख्वाह मुहैया कराई जाए। अन्यथा सफाई कार्य रोक कर अनिश्चित कालीन हड़ताल में बने रहेंगे। इसकी जवाबदारी निगम की होगी।

जायसवाल महिला मंडल ने सावन महोत्सव मनाया

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले के जायसवाल समाज के महिला मंडल द्वारा सावन महोत्सव की शुरूआत भगवान सहस्त्र बाहु जी की पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की जिसमें मेंहदी प्रतियोगिता, मिसेस सावन क्वीन तथा सभी महिलाओं ने सावन झूले का आनंद लिया एवं श्रीमती नीलम जायसवाल को सावन क्वीन चूना गया एव विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। अंत में समाज की महिलाओं द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती रीता अनुप जायसवाल जी के नेतृत्व में आयोजित हुआ, समाज के सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व सभी महिलाओं में हर्ष एवं उत्साह का माहौल रहा। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी डॉ. सुशील जायसवाल ने दी।

भाजपा कार्यालय में अटल जी व भोजवानी जी को याद किया गया

राजनांदगांव (दावा)। जिला भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष अग्रवाल की उपस्थिति में आज दोपहर देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व शहर के पूर्व विधायक, मंत्री लीलाराम भोजवानी को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया गया, पुष्पांजलि दी गई व मौन श्रद्धांजलि देकर उन्हे नमन किया गया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्र के नेता व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की आज पुण्यतिथि थी, इसी के साथ पूर्व दो बार के विधायक व अविभाजित मध्यप्रदेश के श्रम मंत्री रहे लीलाराम भोजवानी की भी पुण्यतिथि थी। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुये थे फिर उपर हॉल में जाकर दोनों नेताओं के तैल चित्र पर दीप प्रज्जवलित किया गया तथा पुष्पांजलि देकर इनके नमन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से मंडल भाजपा अध्यक्ष तरूण लहरवानी, मूलचंद लोधी, रघुवीर वाधवा, त्रिगुण टॉक, पार्थ गेण्ड्रे, बंटी भाटिया, नरेश बैद पतली, महेश अग्रवाल, रवि सिन्हा, प्रखर श्रीवास्तव, अशोकादित्य श्रीवास्तव, अकरम कुरैशी, विठ्ठल पटेल, अशोक निर्मलकर, महेश यादव, जागेश्वर साहू, परदेशी सोनबोईर, विनोद बारले, ढालसिंग साहू, ललित साहू, नरेन्द्र वर्मा, आशीष जैन, योगेशदत्त मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

श्री दासीश्याम प्रभु की जयंती महोत्सव 21 से

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर में पूरे वर्षभर सामाजिक धार्मिक एवं खेल महोत्सव व समारोह होते ही रहते है। अभी सावन के महिने में पूरे महिने भर श्री चन्द्रमौलेश्वर जी की पालकी शिव मंदिरों में पूरा माहौल भक्तिमय दिखाई दे रहा है। अब इसी कड़ी में श्री श्यामकुटी एवं श्री दासीश्याम मंडल के भक्तों द्वारा अपनी प्यारी श्री गुरूमां का तीन दिवसीय जयंती महोत्सव 21 अगस्त से मनाया जा रहा है। वैसे तो पूरे धार्मिक आयोजन श्री खाटूश्याम प्रभु के फाल्गुन ग्यारस महोत्सव और कार्तिक ग्यारस महोत्सव के साथ-साथ जन्माष्टमी श्री गुरूपूर्णिमा, शरद पूर्णिमा के साथ-साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम 50 वर्षो से आयोजित करते है।

श्री श्यामकुटी के संयोजक निर्मल शर्मा (अधिवक्ता) ने बताया कि विगत 50 वर्षो से रोज ही श्री श्याम प्रभु के द्वारा लिखवाये ज्ञानग्रंथ के भजन सत्संग होता आ रहा है और श्री श्यामकुटी में श्री श्याम प्रभु की स्थापना को 50 वर्ष होने पर स्वर्ण जंयती माह नवंबर 24 को पांच दिवसीय स्वर्ण जयंती के साथ-साथ श्री दासीश्याम प्रभु की के पचीसवें वर्ष होने पर कार्तिक के ग्यारस के महोत्सव के मौके पर श्री दासीश्याम प्रभु की रजत जंयती भी दोनों एक साथ मनायी जावेगी।

जयंती महोत्सव के प्रथम दिन 21 अगस्त को सत्संग भजन प्रसादी एवं रात्रि भजन होगा और दूसरे दिवस श्री दासीश्याम प्रभु की शोभायात्रा तथा जयंती महोत्सव के अंतिम दिन 23 अगस्त को दिव्यजोत जलायी जावेगी। जिसका दर्शन लाभ भक्तजन ले सकेंगे। श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा रजत एवं स्वर्ण जयंती में एक स्मारिका पुस्तक भी छपायी जा रही है जिसमें श्री श्यामकुटी परिवार के श्रद्धालुओं द्वारा अपने-अपने अनुभव साझा किये जा रहे है जिसमें उन्होंने श्री गुरूमां के साथ बिताया सुनहरा समय दर्शाया है।

नगर निगम में महापौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया

० गौरव स्थल में की गयी पुष्पांजलि
० उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा प्रातः 7:30 बजे नगर निगम केन्द्रीय कार्यालय टाऊनहाल में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता एवं पूर्व महापौर श्री अजीत जैन विशेष रूप से उपस्थित थे। महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके पूर्व टाउन हॉल में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

नगर निगम के टाउन हाल सभागृह में आयोजित समारोह में महापौर श्रीमती देशमुख ने 78वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनांए देते हुए कहा कि यह हमारे देश की आजादी में महात्मा गाधी, सुभाषचंद बोस, चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस जैसे अनेकों वीर शहीदों ने महती भूमिका निभायी है। आज हम जिस सुंदर भारत की परिकल्पना करते है, उसकी चर्चा विदेशों में भी होती है। विदेशी भी हमारे देश की खूबसुरती,कलाकृति, संस्कृति का अनुसरण करते है। उन्होंने कहा कि हमारी इन्ही विशेषता को बनाये रखने देश प्रेम की भावना के साथ देश हित में काम करना है।

टाऊन हाल में आयोजित समारोह में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों सर्वश्री सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, अपील समिति के सदस्य श्रीमती मधु बैद, षार्षद सर्वश्री कमलेश बंधे, शिव वर्मा, श्रीमती पूर्णिमा नागदेवे, टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा,श्रीमती चंद्रकाला देवांगन, राजेश जैन रानू, गप्पू सोनकर, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता,विजय राय,पूर्व पार्षद श्री देवशरण सेन व श्री प्रकाश चंद जैन,पूर्व नामांकित पार्षद श्री ऐजाजुल रहमान, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव की उपस्थिति में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात उपस्थितजनों द्वारा राष्ट्रगान के माध्यम से राष्टीय ध्वज को सलामी दी गई। साथ ही महापौर द्वारा निगम पदाधिकारियों की उपस्थिति में गौरव स्थल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। उसके पूर्व निगम परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया।

निगम अध्यक्ष श्री धकेता ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि हमारा भारत देश महान देश है, जिसकी संस्कृति, परम्परा, इतिहास विश्व में प्रसिद्ध है। हमारा देश विविधताओं का देश है, जिसे मजबूत राष्ट के रूप में विश्व में स्थान देने हम सबको एक जुट होकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि देश भक्ति का मतलब झंडा फैहराना नहीं बल्कि जिम्मेदारी निभाकर उसकी रक्षा करना है।

नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि बहुत विषम परिस्थितियों में हमे आजादी मिली और हम हर क्षेत्र मे स्वतंत्र बनकर उन्नति किये, जिसकी परिणति हम चांद पर पहुॅचे। आज हमारा देश विकसित राष्ट की ओर अग्रसर है, साथ ही छत्तीसगढ़ भी विकास की ओर अग्रसर है, मैं सभी को पुनः बधाई देता हूॅ।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुये कहा कि बहुत संर्घष के बाद वीर शहीदों ने हमे आजादी दिलायी, जिसके कारण आज हम आजाद होकर खुली हवा में सास ले रहे है। उन्होंने कहा कि आज हमे स्वतंत्रता तो मिली है, लेकिन कई मामलों में जैसे जातिवाद, क्षेत्रवाद में आजादी नहीं है। इन सबके लिये हम सबकों मिलकर प्रयास करना है और इन बुराईयों को खत्म करना है और देश हित में काम करना है, तभी हमे पूर्णतः आजादी मिलेगी।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सफाई के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें राजेश रविन्द्र, कल्याण रामकिशन, सुरेश पूनम, दशरू भारती, निलेश यादव, को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने एवं संचालन प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री मोबिन अली, सहित सभी विभागों के अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित थे।

जन सेवा के रूप में सदैव याद किए जाएंगे भोजवानी जी -अर्जुन दास पंजवानी

राजनंदगांव (दावा)। पूर्व श्रम राज्यमंत्री तथा पूर्व विधायक एवं भाजपा के कई वर्षो तक जिला अध्यक्ष रहे मजदूर नेता के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले लीलाराम भोजवानी को आज प्रथम पुण्यतिथि पर सिंधी समाज ने याद किया और उन्हें सादर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल नगर के महासचिव लोकचंद लहरवानी ने बताया कि आज झूलेलाल पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी ने कहा कि भोजवानी जी न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्य प्रदेश के जन नेता के रूप में प्रसिद्ध रहे, उन्होंने गरीबों की सेवा अनवरत रूप से जारी रखी। लंबे समय तक प्रशासन एवं विपक्ष में रहने के बाद भोजवानी जी सब के सर्वमान्य नेता के रूप में जाने जाते थे। भाजपा हो या कांग्रेस सभी नेता उन्हें समान आदर भाव दिया करते थे। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी ने कहा की ऐसे सरल सहज व्यक्तित्व के नेता के रूप में प्रसिद्ध रहने वाले लीलाराम भोजवानी की प्रतिमा को स्थापित करने की मांग प्रशासन से की। उक्त अवसर पर अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज, मन्नूमल मोटलानी सुरेश भीमनानी, अमर लालवानी ने भी भोजवानी से जुड़े पलों के संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम का सफल संचालन लोकचंद लहरवानी ने किया एवं आभार प्रदर्शन नेता अशोक पंजवानी ने किया।

इस दौरान प्रमुख रूप से गुरमुखदास वादवा,भीमन धनवानी,पप्पू परचानी, पवन लहरवानी, भोजराज बजाज,टेकचंद बजाज, गिरधारी तलरेजा, किशन पंजवानी सहित भोजवानी परिवार के राजा भोजवानी सहित सभी परिजन उपस्थित थे।

पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी उनके घर पहुंचे

इस दौरान भोजवानी जी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके घर पहुंचकर उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की और पुरानी यादें ताजा की इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्रह्मानंद बजाज, विष्णु साव, सुमित भाटिया, तरुण लहरवाणी, अशोकादित्य श्रीवास्तव, भीमन धनवानी उपस्थित थे।

भाजपा नेता इरफान की साफ सुथरी छवि पर बट्टा लगाने का प्रयास

कांग्रेस पार्षद राजेश गुप्ता चंपू के घर जुआं के छापे का मामला

राजनांदगांव (दावा)। छनकर आ रही खबरों के मुताबिक भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं सर्वधर्म समभाव को बढ़ावा देने वाले नेता इरफान शेख की राजनीति पर बट्टा लगाने और उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश उनके कथाकथित राजनीतिक प्रतिद्वंदियों ने की है। पता चला है कि बहुत जल्द राज्य शासन द्वारा आयोग एवं मंडलों का गठन किया जाना है। जिसमें इरफान शेख को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की पूरी संभावना है। इस बात को लेकर शहर सहित जिले भर में चर्चा सरगर्म है। ऐसा कुत्तसित प्रयास करने वाली की जमकर निंदा हो रही है। हालांकि पुलिस ने इरफान शेख और कांग्रेसी पार्षद राजेश गुप्ता के साथ आरोपी बनाते हुए उन्हें फरहार बताया है। लेकिन आगे की जांच में पुलिस सच्चाई का पता लगा ही लेगी।

ज्ञातव्य है कि वास्तव में भाजपा नेता इरफान शेख व कांग्रेस नेता राजेश गुप्ता जमीन की खरीदी बिक्री के काम से जुड़े हुए हैं। इरफान शेख को श्री गुप्ता से एक लाख रुपये लेना था। तो उन्होंने श्री गुप्ता को फोन किया तो उन्होंने ने उन्हें घर पर बुलाया। इरफान शेख जब उनके घर पहुंचे तो थोड़ी देर रुकने के लिए कहा और इसी बीच पुलिस का छापा पड़ गया। इस मामले पुलिस द्वारा इरफान शेख को भी आरोपी बनाए जाने से पूरे शहर के जानकार लोग स्तब्ध हो गए हैं। और कहने लगे हैं कि राजनीति इतनी गंदी हो गई है कि अच्छे अच्छो को भी को भी सरलता से फंसाया जा सकता है जैसे कि इरफान शेख को फसाया गया है।

पूरा जिला जानता है कि जुआं के मामले में आरोपी बनाए गए इरफान शेख ने अपने कामबुते के दम पर परिवार चलाने के साथ समाजसेवा में भी सक्रिय रहते हैं। साथ ही पार्टी की सेवा में भी पीछे नहीं रहते हैं। प्रत्येक आम चुनाव में उन्होंने तन-मन-धन से पार्टी की सेवा की है। पिछले विधानसभा चुनाव डॉ. रमन सिंह को जीतने और लोकसभा चुनाव में संतोष पांडे को जिताने में दिन रात कड़ी मेहनत मोर्चा के लावलश्कर के साथ की है। शहर में होने वाले धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उनकी जाति धर्म से ऊपर उठकर सेवा और सहयोग करना उनके स्वभाव में शामिल है। आपराधिक गतिविधि में इस तरह की संलिप्तता दिखाकर उनकी छवि धुमिल करने की कोशिश की सर्वत्र निंदा हो रही है।

कबीरमठ नादिया के दीवान नेहरू साहेब पंचतत्व में विलीन

डोंगरगांव (दावा)। अंचल के प्रसिद्ध कबीरमठ नादिया आश्रम के दीवान नेहरूदास साहेब ने लंबी अस्वस्थता के पश्चात् अंबेडकर अस्पताल रायपुर में अपने नश्वर शरीर को त्याग दिया है, उनका अंतिम संस्कार आश्रम के संत महंतो सामाजिकजनों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में साधना धाम कूटी में संपन्न हुआ। दीवान साहेब के श्रद्धांजली सभा में संत गिरवर साहेब, संत देवेंद्र साहेब, संत रामकुमार साहेब व मानस चिंतक तामेश्वर प्रसाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला।

आराधना महिला मंडल ने किया वृक्षारोपण

राजनांदगांव (दावा)। नगर कि समाजसेवी संस्था अराधना महिला मंडल के सदस्यों द्वारा 14 अगस्त को गायत्री सी.बी.ई. एवं गायत्री विद्या पीठ परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अराधना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा बरडिया, कोषाध्यक्ष-श्रीमती अल्का जानी, पूर्व अध्यक्ष-श्रीमती उमा रूंगटा, अमोद दिक्षीत, ईला पटेल, छाया खण्डेलवाल, किरण अग्रवाल, चंद्रकला अग्रवाल एवं इन्दू बेन ठक्कर उपस्थित रही।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर एस्केलेटर के लिए ई-निविदा सूचना
निविदा सूचना क्रमांक: जीएसयू-एल-जी-नाग -2024-25-04 दिनांक: 09.08.2024
कार्य का नाम: दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के राजनांदगांव, डोंगरगढ़, कामठी और छिंदवाड़ा स्टेशनों के रेलवे प्लेटफार्मों पर एस्केलेटर का प्रावधान।
निविदा मूल्य: ₹ 11,44,71,737/-
बिड सेक्युरिटी राशि: ₹ 7,22,400/-
इलेक्ट्रॉनिक ऑफर (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 05.09.2024 के 15:00 बजे तक।
उपरोक्त निविदा की अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
Dy. CEE/G/GSU &
Sr. DEE (RS&G),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
PC/15-82
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

अनमोल दावा

> “कौन क्या कर रहा है, कैसे कर रहा है, क्यों कर रहा है, इन सबसे आप जितना दूर रहेंगे उतना ही खुश रहेंगे।

पीएम के संबोधन का संदेश, संकल्प जमीन पर उतरे तो देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से मजबूती आने की उम्मीद

व्यापक जन जीवन से जुड़ी चिंताओं को रेखांकित करते हुए वे निश्चित रूप से जोखिम के बीच में जीवन गुजारने वाली महिलाओं और अन्य वर्गों के हित की बात कर रहे थे, मगर इससे आगे उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का अपनी सरकार का संकल्प जाहिर किया।

अठहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अपनी सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ कुछ भावी चुनौतियों पर बात की और यह संदेश देने की कोशिश की कि राष्ट्रीय सामूहिकता की भावना साथ हो तो किसी भी बाधा को आसानी से पार किया जा सकता है। हालांकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने भाषणों में आमतौर पर वे व्यापकता के साथ मुद्दों पर बात करते रहे हैं और इस बार का वक्तव्य भी इसकी कड़ी ही रही। इस बार भी उन्होंने वे तमाम मुद्दे उठाए, जिनसे आम जनता खुद को प्रभावित या जुड़ी हुई महसूस करती है।

मसलन, किसानों, सैनिकों और युवाओं को सलाम करते हुए उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा भी मुखरता के साथ उठाया। साफ लहजे में जिस तरह उन्होंने राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए, वह केंद्र से लेकर राज्य तक सभी सरकारों की इच्छाशक्ति का मामला होना चाहिए।

यह छिपा नहीं है कि सख्त कानूनी प्रावधान होने के बावजूद कई बार अपराधियों के भीतर उसका डर नहीं होता, क्योंकि वे इसे लेकर आश्वस्त रहते हैं कि अगर कभी वे गिरफ्त में आए तो भी बच निकलेंगे। इसलिए अगर प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के दोषियों के मन में डर बिठाना जरूरी है, तो इसका आशय समझा जा सकता है। व्यापक जन जीवन से जुड़ी चिंताओं को रेखांकित करते हुए वे निश्चित रूप से जोखिम के बीच में जीवन गुजारने वाली महिलाओं और अन्य वर्गों के हित की बात कर रहे थे, मगर इससे आगे उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का अपनी सरकार का संकल्प जाहिर किया।

इसके तहत उन्होंने प्रति व्यक्ति आय दोगुनी करने में कामयाबी मिलने, निर्यात में बढ़ोतरी, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के बीच भारत के लिए भरोसे में मजबूती और युवाओं में बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर मिलने की बात कही। जाहिर है, अगर वास्तव में ये संकल्प जमीन पर उतरे तो देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से मजबूती आने की उम्मीद की जा सकती है।

यह छिपा नहीं है कि हर वर्ष भारी संख्या में युवा चिकित्सा विज्ञान की पढ़ाई करने दूसरे देशों में जाते रहे हैं। इसका मुख्य कारण यहां दाखिले के लिए जगहों का अभाव रहा है। अब प्रधानमंत्री ने अगले पांच वर्ष में चिकित्सा क्षेत्र में पचहत्तर हजार नई सीटें सृजित करने की घोषणा की है। अगर यह घोषणा अमल में आती है तो पढ़ाई के लिए विदेश जाने वाले विद्यार्थियों के लिए भारत में कितने अवसर बनेंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने किसानों को नई तकनीक से जोड़ने, प्राकृतिक खेती के लिए बजट बढ़ाने और रक्षा सामग्रियों के निर्माण में देश की धमक बढ़ने को लेकर जो बातें कीं, वे मौजूदा सरकार की दृष्टि को रेखांकित करती हैं। वहीं उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन और हिंसा में सामुदायिक पहचान के आधार पर निशाना बनाए जाने का सवाल उठाया। साथ ही भेदभाव करने वाले कानूनों की जगह उन्होंने ‘धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता’ के अलावा ‘एक राष्ट्र, एक चुनाव’को वक्त की जरूरत बताया। जाहिर है, स्वतंत्रता दिवस पर लोगों को संबोधित करने के मौके पर अपनी सरकार की उपलब्धियां दर्ज करने के साथ-साथ उन्होंने अपनी पार्टी की विचारधारा को भी ज्यादा स्पष्ट करने की कोशिश की है। अब यह देखने की बात होगी कि आने वाले वक्त में वे किन चुनौतियों से जूझने को प्राथमिकता देते हैं।

शेख़ हसीना पर आपराधिक मुक़दमा चलाना क्या संभव है?

तान्हा तसनीम

इंटरनेशलन क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईसीटी) ने बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत नौ लोगों के खिलाफ जांच करने का फैसला लिया है.

सभी पर हत्या, नरसंहार और यातना के आरोप लगाए गए हैं. आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान एक छात्र के पिता ने बुधवार को यह याचिका लगाई थी.अंतरिम सरकार के कानून, न्याय और संसदीय मामलों के सलाहकार प्रोफेसर आसिफ नज़रूल ने बुधवार को कहा कि अभियुक्तों के खिलाफ इंटरनेशलन क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में मुक़दमा शुरू किया जाएगा.

उन्होंने कहा, च्च्आप साफ़ तौर पर कह सकते हैं कि आईसीटी में ट्रायल शुरू किया जाएगा. यह इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल है. मुक़दमे के तहत हम पूर्व प्रधानमंत्री और अन्य लोग, जिन पर आरोप है, हम उन्हें कोई छूट नहीं देंगे. सवाल यह है कि क्या युद्ध अपराधियों पर मुक़दमा चलाने के लिए बने इस कानून में शेख हसीना पर मुकदमा चलाना संभव है? इस कानून में क्या कहा गया है?बांग्लादेश में जब 2008 के चुनाव हुए थे तब अवामी लीग ने घोषणापत्र में कहा था कि मानवता के खिलाफ अपराध करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा.

संसदीय चुनाव जीतने के बाद अवामी लीग सरकार ने वादे के मुताबिक मुकदमे की पहल की थी. 1973 में बने इंटनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल एक्ट के तहत अभियुक्त की जांच और मुक़दमा चलाया जा सकता है.यह एक्ट 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हुए मानवता के खिलाफ अपराधों पर मुकदमा चलाने के लिए बनाया गया था.हालांकि साल 2010 से पहले इस कानून के तहत ना तो किसी पर मुक़दमा चलाया गया और ना ही किसी को सज़ा दी गई.साल 2009 में बांग्लादेश की संसद ने च्युद्ध अपराधियों पर मुक़दमाज् चलाने पर एक मौखिक प्रस्ताव पास किया था.इसके बाद व्यक्तियों और समूहों पर ट्रिब्यूनल में ट्रायल चलाने और ट्रिब्यूनल की कार्यवाही के स्वतंत्र संचालन के लिए कानून में कुछ संशोधन किए गए.

इसके ज़रिए साल 2010 में ट्रिब्यूनल, वकीलों के पैनल और जांच एजेंसियों का गठन किया गया.

इस कानून की धारा 3(1) के मुताबिक कोई व्यक्ति, समूह या सशस्त्र और सुरक्षा बलों से जुड़ा कोई सदस्य इस कानून की उप-धारा दो में बताए गए किसी भी अपराध में शामिल है तो उस पर आईसीटी मुकदमा चलाने और सजा देने का अधिकार रखता है.कानून के मुताबिक बांग्लादेश की सीमा में गए अपराधों के लिए आईसीटी के पास यह अधिकार होगा, भले व्यक्ति या समूह किसी भी राष्ट्र से क्यों ना संबंध रखता हो.मानवता और शांति के खिलाफ अपराध, नरसंहार, युद्ध अपराध, जिनेवा कन्वेशन के विपरीत काम करना, अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपराध करने की स्थिति में इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल को मुकदमा चलाने की शक्ति दी गई है.बांग्लादेश सरकार के अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने कहा कि इस कानून के तहत पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मुकदमा चलाना संभव है.उन्होंने कहा कि 1973 का जो कानून है उसमें मानवता के खिलाफ अपराध की जो परिभाषा दी गई है, यह अपराध भी उसी के अंदर आता है.इसका मतलब है कि शेख़ हसीना के खि़लाफ़ अधिनियम की धारा तीन की उपधारा 2(ए) के मुताबिक मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया जा सकता है.इस धारा के अनुसार, हत्या, विनाश, गुलाम बनाकर रखना, निर्वासन, कारावास, अपहरण, यातनाएं देना, रेप, नागरिकों के खिलाफ किए गए अमानवीय कृत्यों की सुनवाई इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में की जा सकती है.

इसके अलावा यहां राजनीतिक, जातीय या धार्मिक आधार पर उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई भी हो सकती है.राणा दासगुप्ता ने इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल में अभियोजक के रूप में काम किया है.हालांकि उन्होंने 13 अगस्त को इस्तीफा दे दिया था.

वे बांग्लादेश हिंदू-बौद्ध-ईसाई एकता परिषद के महासचिव भी हैं.दासगुप्ता कहते हैं, च्च्इस कानून का एक लंबा इतिहास है. यह 1971 के मुक्ति संग्राम को देखते हुए बनाया गया था. यह कानून उन लोगों पर मुक़दमा चलाने के लिए बनाया गया है जिन्होंने वहां युद्ध अपराध किए हैं.उनका मानना है कि जिस संदर्भ में बात की जा रही है, वह संदर्भ यहां लागू नहीं होता है.

हालांकि, बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील मंजिल मोर्शेड का मानना है कि शेख हसीना और अन्य पर मुक़दमा आसानी से चलाया जा सकता है.

उन्होंने कहा, %%पिछली सरकार ने जो कानून संशोधित किया था, उसमें मानवता के खिलाफ अपराध या नरसंहार का मुक़दमा चलाया जा सकता है.वकील का कहना है कि ट्रिब्यूनल के पास किन अपराधों के खिलाफ मुक़दमा चलाने की शक्ति है, वह कानून में साफ-साफ लिखा गया है.उनका कहना है कि इस मामले में बहस की कोई गुंजाइश नहीं है.

पाँच अगस्त को सावर में गोली लगने से अलीफ़ अहमद सियाम नाम के एक छात्र घायल हो गए थे. वे नौवीं कक्षा में पढ़ते थे. घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया लेकिन दो दिन बाद ही उनकी मौत हो गई.उसी के मद्देनज़र पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 9 लोगों पर मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के आरोप में मामला दर्ज किया गया था.छात्र के पिता बुलबुल कबीर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वकील गाजी एमएच तनीम ने इसे लेकर इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी में शिकायत दर्ज कराई है.

इसी दिन मीरपुर में कॉलेज छात्र फैजुल इस्लाम राजोन की हत्या के आरोप में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 24 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था.इसके बाद गुरुवार को मीडिया में खबर आई कि राजधानी ढाका के शेरेबंगला नगर थाना क्षेत्र में भी शेख हसीना समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. इस मामले में उन पर शहाबुद्दीन नाम के ऑटो रिक्शा चालक की हत्या का आरोप लगाया गया है.

क्या आपके कान में भी बजती है घंटी

अगर टिनिटस की बीमारी के लगातार नजरअंदाज किया जाए तो फेशियल पैरालिसिस जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है. इससे हमेशा के लिए सुनने की क्षमता खो सकते हैं. इससे परेशान होकर सुसाइड तक का ख्याल आने लगता है. कान में घंटी, सीटी या सांय-सांय की आवाज आए तो हल्के में न लें, क्योंकि ये खतरनाक बीमारी हो सकता है. यह एक ऐसी अजीब आवाज होती है जो किसी दूसरे को सुनाई नहीं देती है. लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जो धीरे-धीरे गंभीर हो जाती है. दरअसल, कान में इस तरह की आवाज आना टिनिटस बीमारी की वजह से होता है. अगर इसका समय पर इलाज न हो तो इंसान बहरा तक हो सकता है. इतना ही नहीं इससे मानसिक सेहत बुरी तरह प्रभावित हो सकता है. आइए जानते हैं यह बीमारी कितनी हानिकारक हो सकती है...

टिनिटस बीमारी कितनी खतरनाक

कान के एक नर्व में गड़बड़ी की वजह से टिनिटस बीमारी होती है. इसे दवा या सर्जरी की मदद से कम किया जा सकता है लेकिन अगर यह ज्यादा डैमेज हो जाए तो सोते, जागते या काम करते हुए बड़ी परेशानी बन सकती है. एक्सपटर्स के मुताबिक, कई बार कान में छोटे से ब्लॉकेज की वजह से भी ये समस्या हो सकती है. हियरिंग लॉस, कान में इंफेक्शन, साइनस इंफेक्शन, हार्ट डिजीज, सर्कुलेटरी इंफेक्शन, ब्रेन ट्यूमर, हार्मोनल बदलाव और थायराइड बढ़ने से भी कान में सीटी या घंटी जैसी आवाज आती है.

टिनिटस कब ज्यादा गंभीर

अगर टिनिटस की बीमारी के लगातार नजरअंदाज किया जाए तो फेशियल पैरालिसिस जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है. इससे हमेशा के लिए सुनने की क्षमता खो सकते हैं. कई बार तो इससे परेशान होकर सुसाइड तक का ख्याल आने लगता है. ऐसे में डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए. इस बीमारी का इलाज अभी तक संभव नहीं हुआ है लेकिन डॉक्टर कुछ थेरेपी और दवाओं की मदद से इसकी परेशानियों को कम कर सकते हैं.

कान में घंटी की आवाज का इलाज क्या है

टिनिटस से बचने के लिए साउंड बेस्ड थेरेपी की मदद ले सकते हैं. इससे बाहर की आवाज बढ़ा दी जाती है, जिससे टिनिटस के लक्षण कम हो जाते हैं.

बिहेवियरल थेरेपी की मदद से भी इस बीमारी से बचा जा सकता है. बहुत ज्यादा इमोशनल स्ट्रेस, इंसोमनिया, डिप्रेशन की वजह से टिनिटस होता है, जिसमें बिहेवियर थेरेपी काम आता है.

कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी और प्रोग्रेसिव टिनिटस मैनेजमेंट से भी इस आवाज से छुटकारा पा सकते हैं.

टिनिटस को एंटी एंग?जायटी ड्रग, एंटी डिप्रेशन से जुड़ी दवाईयों से भी दूर किया जा सकता है. डॉक्टर कान के हालत के हिसाब से दवाईयां लिखते हैं.

मानसिक दबाव में भी कान में घंटी की आवाज आती है. ऐसे में तनाव और एंग?जायटी को दूर करने के लिए एक्सरसाइज, योग, मेडिटेशन, डाइट, सोशल लाइफ को बेहतर बना सकते हैं.

शब्द सामर्थ्य -150

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

1	2		■	■	3	■	■	■
4		■	5			6	■	7
■	8			■	9			
10	■	■		■	■		■	
11				■	12			■
	■		■	13		■	14	
16	17		■	18				■
■		■	19			■	■	20
21		■		■	■	22		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 149 का हल

पं	क्ति	■	स्वा	द	■	स	ब	ब
जा	■	सु	हा	ना	■	■	ली	द
ब	हु	धा	■	द	ल	ना	■	ल
■	■	क	मा	न	■	ग	ह	ना
भं	व	र	■	■	■	वा	म	■
गी	त	■	म	ज	बू	र	■	ट
■	न	म	स्का	र	■	■	■	र
■	■	र्या	■	■	बी	■	ना	का
सं	वि	दा	■	ब	स	च	ल	ना

सू- दोकू क्र.150

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.149 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

लघुकथा

आत्म संतुष्टि

शिथिल हो चुके माता पिता का आवास जहां कभी बच्चों
की हसीं गुंजायमान थी अब वहां वीरानी है।
एक गाय और उसका बछड़ा जिसके गले में बंधी घंटी की
सुमधुर धुन सुनाई देती वही घर की वीरानी खत्म करती।
दो बेटी और एक बेटे को जन्म देने वाली
मां आज संतान सप्तमी का व्रत रखी, जो निर्जला उपवास
केवल आटे की मोटी रोटी गुड़ के साथ भगवान जी को भोग
लगाकर किए जाने की प्रथा का पालन करते पूजा अर्चना
में लिप्त रही। बचपन से जवानी तक बच्चों की खुशियों में
अपनी आवश्यकताओं की तिलांजली देना माता पिता आदत ही
बन गई थी। दोनो पुत्रियां ब्याह कर अपनी वैवाहिक जीवन में
व्यस्त हो गई। पुत्र अपने जीवन किया आवश्यकता की पूर्ति के
लिए अपने कार्य स्थल में निवास रात।
लम्बी सिंदूर माथे में बड़ी बिंदी
गोल चेहरा, खुशी सन्तुष्टि झलकाती आँखे, पैरों में आलता
रची हुई, हाथो में कांच की चूड़ियों के बीच पुरानी मजबूत
सोने के कंगन जिसकी चमक पति के स्नेह को प्रदर्शित कर
रही। आत्मसंतुष्टि से तृप्त किसी के सांत्वना की मोहताज नही।
अपने हाथों से घर की सफाई करने में सुखद
अनुभव करना उनकी दिनचर्या ही थी।
यह उपवास अपने सन्तान के चिरायु होने की
कामना के साथ रखा गया।
अपने हाथों से पति
के प्रति स्नेह प्रदर्शित
करते उनका पसन्दीदा
पकवान अनरसा परोसते हुये,
बच्चों की यादों में खो गई।

गजेंद्र बख्शी
रिद्धि सिद्धि
कालोनी पेज 3 राजनादगांव

कविता

// राखी //

ये राखी मा मोला भैया, नइ चाही कुछ जादा।
छोड़ कभू झन तैं हा जाबे, अपन निभाबे वादा।।
घूमत हावय ये दुनिया मा, बनके लोग शिकारी।
सोच-सोच के मन घबरावै, कल काखर हे बारी।।
मया जनम भर के मँय बांधंव, नोहय रेशम डोरी।
मोला देबे आशीष सदा, भर दे हृदय तिजोरी।।
सुख के छंइहा जिनगी बीतय, गोड़ गड़ै झन काँटा।
सदा मिलै हर काम सफलता, होय कभू झन घाटा।।
संग मोर रहिबे ता भैया, आँखी कोन गड़ाही।
हिम्मत नइ होवय कखरो भी, चरा नइ छू पाही।।
घूम सकत हँव मँय दुनिया मा, पंख अपन फैला के।
हर सपना पूरा कर पाहूं, साहस आदर पा के।।
भाई-बहिनी के रिश्ता हा, रहिथे सुग्घर सादा।
छोड़ कभू झन तैं हा जाबे, अपन निभाबे वादा।।

प्रिया
देवांगन
“प्रियू”

कविता

राखी के अगोरा

कब आही मोर राजा दुलरवा
का लानही मोर भैया दुलरवा
मने मन गुणत हवय दीदी मन
अगोरा करत दीदी बहिनी मन
भाई बहिनी के मया अउ दुलार
सावन के सुघघर राखी तिहार
सुरता करत हावय दीदी मन
अगोरा करत दीदी बहिनी मन
अषाड कटगे संगी सावन आगे
मन म घला नवा-2 उछाह जागे
सावनी उपास हावय दीदी मन
अगोरा करत दीदी बहिनी मन
मया पिरीति के डोरी म बंधाय
एक दूसर बर सुरता ला लमाय
नान्हेपन के संगवारी दीदी मन
अगोरा करत दीदी बहिनी मन
सावन पुन्नी के बेरा म मिलहु
राखी संग म मया ला सिलहु
धनहा कस हरिया जाही मन
अगोरा करत दीदी बहिनी मन

प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
9907126431

राशिफल

मेष

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज दिन भर आपकी भरपूर एनर्जी बनी रहेगी और विपरीत परिस्थितियों में भी आप समस्या का हल निकालने में सक्षम रहेंगे। आज आय के साधनों में बढ़ोतरी होगी। आपको किसी नजदीकी संबंधी के यहां धार्मिक आयोजन में जाने का निमंत्रण भी मिलेगा।

वृषभ

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। अगर मन में किसी बात को लेकर कुछ नकारात्मक विचार उठ रहे हैं तो उन पर काबू पाने का प्रयास करेंगे और सफल भी होंगे। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों या मेडिटेशन आदि में बिताएंगे।

मिथुन

आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर आपका पैतृक संपत्ति का कोई मामला अटका हुआ है तो आपसी तालमेल से सुलझाने की कोशिश करेंगे। कामयाबी मिलनी तय है। कहीं ऐसा उधार दिया हुआ है या अटका हुआ है तो वापस मिलने के योग बन रहे है। लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

कर्क

आजका दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार के साथ खराब संबंधों को सुधारने में आप की विशेष भूमिका रहेगी। जिसमे आप कामयाब भी होंगे। आज कारोबार में इस समय अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए बहुत मेहनत करने की जरूरत है।

सिंह

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी संबंधी कोई समस्या चल रही है, तो उसका समाधान निकालने के लिए आज अच्छा समय है। कुछ खास लोगों का भी सपोर्ट मिलेगा। थोड़ी सी सावधानी और आत्मविश्वास द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।

कन्या

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज के दिन घर किसी न किसी कार्य को लेकर चल रही व्यस्तता आपको थका देगी, परंतु इस मेहनत का परिणाम मनोनुकूल मिलने से राहत होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा, आपसी मेलजोल से खुशी भी मिलेगी। रिश्तों को सहेज कर रखेंगे।

तुला

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप जिस काम को पूरा करने की ठान लेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान अवश्य रहेगा, इससे संपर्क दायरा बढ़ेगा। और साथ ही अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहेंगे।



वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कारोबार में कुछ रुकावटें रहेंगी, लेकिन साथी और कर्मचारियों की मदद से समस्या हल हो जाएगी। नए काम से जुड़ी कोई भी योजना बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लेना जरूरी है। कार्यस्थल पर आज काम कम होने से सुकून मिलेगा।

धनु

आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज पिछले कुछ समय से चल रहे खर्चों को व्यवस्थित करने से आर्थिक स्थिति में ठहराव आएगा। आज कोई उपलब्धि हासिल होने से मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी।

मकर

आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने आस-पास की स्थिति को सकारात्मक नजरिए से समझेंगे इससे आप और प्रभावशाली होंगे। आज कई तरह की गतिविधियों में व्यस्तता रहेगी और आपको इसके उत्तम परिणाम भी मिलेंगे। बच्चों की पढ़ाई अथवा करियर को लेकर चल रही चिंता भी दूर होगी।

कुंभ

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने दृढ़ निश्चय और मेहनत से किसी विशेष काम को पूरा करने में सफलता हासिल करेंगे। आज किसी भी स्थिति में ज्यादा बहस में ना उलझे और अपने गुस्से पर काबू रखें। किसी राजनीतिक व्यक्ति की भी सहायता मिलेगी।



मीन

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है जीवन में आपको जो सफलता अभी तक प्राप्त हुई हैं, उनकी वजह से स्थिरता मिलेगी। आज आपके जीवनसाथी का साथ आपके आत्मविश्वास और आत्म बल को और अधिक प्रबल कर रही है। सोसाइटी अथवा सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी।

ध्वजारोहण

सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

खैरागढ़ (दावा)। 15 अगस्त 1947 का दिन भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों के सदियों के संघर्ष, बलिदान और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इसी भावना के साथ शिशु मंदिर खैरागढ़ में 78वा स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।।इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, एवं मुख्य अतिथि प्रशांत सहारे तथा विद्यालय समिति के अध्यक्ष मनोज गिड़िया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।।इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहिनों द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया एवं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त बहिन चंचल वर्मा, तामेश्वरी वर्मा को पदक व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवं अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य दीदी एवं बड़ी संख्या में भैया बहिन उपस्थित रहे।

भगत सिंह वार्ड के आजाद चौक

डोंगरगढ़ (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर डोंगरगढ़ के भगतसिंह वार्ड के भारत माता चौक में देश की आज़ादी के प्रतीक तिरंगे झंडा का ध्वजारोहण किया गया।जिसमें वार्ड के समस्त नागरिकगण उपस्थित रहे। ध्वजारोहण में डॉ अरविंद बिस्वास, उदय ढीमर, विजय कागलीवाल, नीरज अग्रवाल, हरलाल नामदेव, निज़ार जीवा, श्रीमति कृष्णा शर्मा, विवेक शर्मा, सिम्पाल पांडेय, गुनगुन नामदेव, अमित कन्नोजिया, रज्जन कनोजिया, नुरुद्दीन जीवा, डॉ. राजेश राघोरते, सुखनंदन शुभम देशमुख, विजय नामदेव, सुनील तापड़िया, राजकुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित थे।

रेलवे श्रमिक यूनियन शाखा

डोंगरगढ़ (दावा)। राष्ट्रीय पर्व पर श्रमिक यूनियन शाखा डोगरगढ़ के तत्वाधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम पूरे जोश के साथ मनाया गया। जिसमें सभी विभागों के रेल कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ के अपनी सहभागिता सुनिश्चित की साथ ही अपनी एकता का परिचय दिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन शाखा-डोगरगढ़ समस्त कामरेड साथियों का आभार व्यक्त किया।

विद्युत वितरण केंद्र

हरदी (दावा)। विद्युत वितरण केंद्र कार्यालय जेवरतला रोड में आजादी के 78वीं वर्षगांठ पर कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया है। इस अवसर पर कंपनी के टुमनलाल ठाकुर (तकनीकी वितरण), अंकलराम साहू (सेवानिवृत्त लाइनमेन) चेतनलाल साहू (सहायक लाइनमेन), वीरेंद्र नायक (सहायक लाइनमेन), भूपेंद्र यादव, दिलीप सिन्हा, अमरजीत सोनी, शिव कुमार, देवेंद्र साहू एफओसी) स्टाफ ऑपरेटर, स्टाफ ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भोलाराम साहू ने किया ध्वजारोहण

खुज्जी (दावा)। विधायक भोलाराम साहू द्वारा बाजार चौक में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के समय ग्राम पंचायत के सरपंच सोनाली पंसारी व सभी पंचगण व हायर सेकंडरी स्कूल, मिडील स्कूल, प्राथमिक स्कूल के सभी विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित थे। ध्वजारोहण पश्चात् राष्ट्रगान हुआ व पंचायत के द्वारा सभी को मोतीचूर का लड्डू वितरण किया गया। स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

नदीम मेमन के नेतृत्व में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

खैरागढ़ (दावा)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस की शुभ बेला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा का शानदार सफलतम तीसरा वर्ष। जिसमें डीजे की धुन पर देशभक्ति गीत पर स्कूली छात्र-छात्राएं थिरकती रही। तिरंगा यात्रा नदीम मेमन के नेतृत्व में निकाली जो अंबेडकर चौक, बस स्टैंड से प्रारंभ होकर,टेम्पो चौक,जय स्तंभ चौक, इतवारी बाजार, बक्शी मार्ग, गोलबाजार, मस्जिद चौक, आस्पिटल चौक, संगीत विश्वविद्यालय रोड होते हुए,नगर भ्रमण कर वापस अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा में विधायक प्रतिनिधि यतेंद्र जीत सिंह छोटू, राजा सोलंकी, चंद्रकांत बिदानी, सूरज देवांगन, कन्हैया रजक, सूरज महिलांगे, उमेश साहू, रिजवान सोलंकी, हिमांशु वर्मा, आशीष बघेल, मयंक रजक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाडे किया ध्वजारोहण

जिले में गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता

खैरागढ़ (दावा)। जिले में आज स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सांसद संतोष पांडे जिला मुख्यालय स्थित राजा फतेह सिंह खेल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के साथ परेड का निरीक्षण करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया, तत्पश्चात हर्ष के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छो? गए। प्लाटूनों द्वारा मार्च पास्ट एवं सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर का परिचय लिया गया। मुख्य अतिथि श्री संतोष पांडे ने समारोह में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए श्री निकेश यादव के पिता श्री पुरषोत्तम यादव को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री सुभाष सिंह ठाकुर तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयो के परिजनों का भी सम्मानित किया। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 67 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष पांडे ने परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। इनमें सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान जिला महिला पुलिस बल, द्वितीय स्थान भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस 40 वी वाहनी, तृतीय स्थान पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रहा। इसी प्रकार परेड कनिष्ठ में प्रथम स्थान स्काउट गाइड बालिका सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़, द्वितीय स्थान एनसीसी बालक डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी खैरागढ़ एवं तृतीय स्थान स्काउट गाइड बालिका आत्मानंद स्कूल खैरागढ को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायधीश चंद्रकुमार कश्यप, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत सदस्य श्री धम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुईखदान खम्मन ताम्रकार अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, वनमण्डलाधिकारी आलोक तिवारी, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू तथा गणमान्य नागरिक समेत अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मवेशी लेकर सड़क पर प्रदर्शन, कांग्रेसी ने मवेशी छोड़ा

गंडई पंडरिया (दावा)। कांग्रेस पार्टी ने सरकार को गोधन न्याय योजना को फिर से चालू करने के लिए कहा है 16 अगस्त को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशभर में गौ सत्याग्रह करने का ऐलान किया था। अपने इसी ऐलान को पूरा करते हुए कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को गंडई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस लावारिश मवेशियों को लेकर साथ चल रहे थे। कांग्रेसियों का कहना था कि, वे एसडीएम दफ्तर में जाकर मवेशियों को बांधेंगे। पुलिस ने कांग्रेसियों को रोकने की कोशिश की, तो कांग्रेसियों ने भाजपा के सरकार किसान विरोधी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी और भारत माता की जयकारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान टारकेश्वर शाह खुसरो,मन्नू चंदेल,रणजीत सिंह चंदेल, भिगेश ,यादव,पार्षद क्रांति ताम्रकार,लियाकत अली खान, नारायण चतुर्वेदी,बालक दास, रिखी राम पटेल,शैलेंद्र जायसवाल हेमलता ठाकुर, अमित टंडन, मंजू नेताम,ताराचंद बंजारे, महेश छेदैया, वेदांत यदु, रिंकू यादव, माहंगु कोशरिया, मैनुद्दीन सोलंकी, कन्हैया कुर्रे, हेमू यादव, जेठूराम साहू, अंजोरी छेदैया, मोहन साहू,नारायण जंघेल,कोमल देवांगन, दिनेश देवांगन, नोहर साहू, धनेश धुर्वे अर्जुन वर्मा, दशरथ खुसरो, सुरेश खुसरो, बीरबल खुसरो, राकेश खुसरो, तोरण सिंह नेताम, दूजराम यादव, नीलम नामदेव, मोहन साहू, तोरण मंडावी आदि उपस्थित थे।

कांग्रेस ने किया गौ-सत्याग्रह आंदोलन

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आज अम्बागढ़ चौकी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित गौ-सत्याग्रह आंदोलन हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल हुए। विष्णुदेव साय सरकार के खिलाफ आज सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौ माता व घुमंतू पशुओं को एकत्रित कर उन्हें हांकते हुए कांग्रेस कार्यालय से शहर में भ्रमण कर तहसील कार्यालय के सामने खड़ा कर दिया और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा की गौ माता के नाम पर भाजपा दिखावा करती है।

गौ-सत्याग्रह के लिए जनता स्वस्फूर्त तैयार है, जनता का यह आक्रोश बता रहा है कि द्वेष की राजनीति के लिए बंद किए गए गौठानों और ÷गोधन न्याय योजना÷ को बंद करने के निर्णय ने उनका जीवन किस तरह से प्रभावित हुआ है। भाजपा सरकार आवारा पशुओं की समस्या का समाधान करे, अन्यथा यह आंदोलन और उग्र व व्यापक होगा।

इस गौ सत्याग्रह आंदोलन में पूर्व विधायक श्रीमती तेजकुंवर नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद मनीष बंसोड़, महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व जनपद सदस्य शेश्वरी धुर्वे,जनपद अध्यक्ष कुमारी बाई जुरेशिया, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष उदेराम साहू, जनपद सदस्य खोमेन्द्री चमन, जनपद सदस्य उमा पटेल,जनपद उपाध्यक्ष नरोत्तम देहारी, पार्षद साधना सिंह, पार्षद मुकेश सिन्हा, पार्षद शँकर निषाद, पार्षद विजय यादव, दिलीप सिंगने, लक्ष्मण सिन्हा, जसवंत साहू, भैयाराम यदु, बसंत मण्डावी, बेनीप्रसाद साहू, पन्ना मेश्राम, डेहराराम मेश्राम, रामेंद्र गोवार्य, राजकुमार ध्रुव, सरपंच मोहन ध्रुव, गोविंद कुमेटी, श्यामसुंदर लाटा, दिलीप जुरेशिया, प्रमोद ठलाल,रेहाना बेगम, शोभा भोयर,लोकदीप बोरकर, छगन बंजारे, अनिल महोबिया, विनोद डेहरिया, दामोदर मेश्राम, दुलारसिंह विश्वकर्मा, सीताराम धनन्जय, पिन्टू तिवारी, कौशल देवांगन, डिलेंद्र देवांगन, रामचरण सारथी, राजू सोनवानी आदि कांग्रेसजन उपस्थित थे।

वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश अतीत का निधन

डोंगरगांव (दावा)। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, आयुर्वेदाचार्य, अंक ज्योतिष के जानकार एवं जीआरपी में सब इंस्पेक्टर में सेवाएं दे चुके सुरेश अतीत (74 वर्ष) का कल गुरुवार को सुबह बिलासपुर में निधन हो गया है।जहां उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया।अंतिम यात्रा में परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।अतीत के निधन की खबर से उनके चाहने वालो में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। सुरेश अतीत बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं पांच पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए है।

18 जुलाई 1950 को जन्में सुरेश अतीत की शिक्षा डोंगरगांव एवं राजनांदगांव में हुई।साथ ही उन्होंने बी.ए विशारद, आयुर्वेदाचार्य अंक ज्योतिष की शिक्षा हासिल की।स्व. अतीत की साहित्य के प्रति रुचि होने के कारण अंतिम समय तक उनका लेखन कार्य जारी रहा। उनकी लिखी कविताओं एवं गजलों को प्रतिष्ठित पत्रिकाओं, अखबारों में स्थान मिलते रहा है। रेलवे के जीआरपी पुलिस इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्ति उपरांत उनका ज्यादा समय बिलासपुर में ही बीतते रहा।वे शासकीय सेवा के उपरांत भागवताचार्य एवं प्रवचनकार के रूप में उपलब्धि हासिल कर ली थी। स्व.अतीत ने 80 के दशक में कुछ दिनों तक राजनांदगांव के एक दैनिक अखबार में पर्यटक प्रतिनिधि (पत्रकार) के रूप में भी सेवाएं दी थी। सुरेश अतीत स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। कल 15 अगस्त को सुबह 6 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिजन एवं उनके परिचित स्तब्ध रह गए। कल शाम उनका अंतिम संस्कार बिलासपुर में कर दिया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र अजय सिंह (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) ने दी।

नवोदय विद्यालय में शान से लहराया तिरंगा

डोंगरगढ़ (दावा)। जिले के पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हार्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय में ध्वजारोहण के पश्चात देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित डोंगरगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आजादी को बनाये रखने में विद्यार्थियों एवं देश के नागरिकों को अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा ताकि देश निरंतर उन्नति कर सके। इस अवसर पर तहसीलदार मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार सत्यपाल यादव संस्था के उपप्राचार्य संजय कुमार मंडल शिक्षकगण ओमप्रकाश चौरसिया, आदि सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में जिला बल व आईटीबीपी ने किया स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित

o नक्सल प्रभावित अंतरराज्यीय सीमावर्ती ग्रामों में ग्रामीणों के साथ ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाकर दी गई तिरंगे झंडे को सलामी

o निवास एवं कार्यालय में पुलिस अधीक्षक वाय पी सिंह द्वारा की गई ध्वजारोहण

o ग्रामीणों व स्कूली छात्र-छात्राओं को मिठाई वितरित कर बताये स्वतंत्रता दिवस का महत्व

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। 78 वां गणतंत्र दिवस मोहला-मॉनपुर, अं. चौकी में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया. पुलिस अधीक्षक वाय.पी. सिंह (भापुसे) जिला मोहला मॉनपुर अंचौकी के द्वारा पुलिस अधीक्षक निवास व कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया, सलामी गार्ड व उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा को सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला मुख्यालय से दूरस्थ अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र व अंतरराज्यीय सीमावर्ती गांव में जिला पुलिस बल एवं आईटीबीपी के द्वारा 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित कर ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तथा राष्ट्गान व राष्टभक्ति गीत गाये गए।

चौकी पाटन खास के पाटनवाड़ी, केम्प पल्लेमाड़ी के बोदरा व दुलकी, केम्प परवीडीह के हिडकोटोला, केम्प आमकोड़ो में आमाकोड़ो स्कूल, थाना कोहका के ग्राम जामडी, केम्प बसेली के खुरसेकला, केम्प सम्बलपुर के स्कूल, थाना औंधी के रायमानोरा, केम्प डोमिकला के नवागढ़ स्कूल, थाना सीतागाव के मुचार, थाना मदनवाड़ा के मुंजाल, केम्प नवागांव के कोहका टोला, थाना मॉनपुर के बुकमरका, थाना मदनवाड़ा अंतर्गत ग्राम मदनवाड़ा में ध्वजारोहण कर ग्रामीणों व स्कूली बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझाते हुए आजादी के संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों के बलिदान को नमन करते हुए अपने नागरिक कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान होने का संदेश दिया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित ग्रामीणों व बच्चों को मिठाई चॉकलेट के अलावा पारम्परिक रूप से बूंदी व नमकीन सेव वितरित किया गया। जिला मुख्यालय मोहला के मिनी स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पुलिस विभाग के 20 अधिकारी व कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि महोदय के द्वारा प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित की गई

मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के पत्रकारों ने कलेक्टर के नाम सौपा ज्ञापन

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले के मुख्यालय मोहला में जिला प्रशासन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमे जिले के पत्रकारों को आमंत्रण पत्र नही मिला जिसके कारण पत्रकारों ने नाराजगी दिखाते हुए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा किए गए समारोह से दूरियां बनाई। आज 16अगस्त दिन शुक्रवार को तहसीलदार अंबागढ़ चौकी को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के द्वारा जवाबदार शासकीय सेवक पर कार्यवाही की मांग की एवं मांग पूरी नही होने तक जिला प्रशासन के कार्यक्रम का कवरेज व जारी प्रेस विज्ञप्ति का प्रकाशन न करने की बात कही।

प्रेस क्लब मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के अध्यक्ष एनिशपूरी गोस्वामी ने कहा की पूर्व में भी जिले के पत्रकारों के साथ इस तरह का व्यवहार हुआ है पर अब जिले के पत्रकार इस तरह का व्यवहार,अवहेलना बर्दास्त नही करेंगे जब तक जिला कलेक्टर जवाबदार शासकीय सेवक पर कार्यवाही नही करेंगे तब तक विरोध जारी रहेगा।

केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में स्वतंत्रता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुजीता कुमारी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने की। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने तिरंगे झंडे के साथ प्रभात फेरी निकाली। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने घरों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद शिवाजी, टैगोर, अशोक और रमन सदनों के विद्यार्थियों ने छात्र प्रतिनिधि भावेश वर्मा के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया और देश के राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। विद्यालय के माध्यमिक तथा प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों की ओर से निहारिका वर्मा, शांभवी संदेश निनावे, रूद्र प्रिया शुक्ला और अभ्युदय सिन्हा ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने देशभक्तिपूर्ण विचार रखे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के क्रम में एक्शन सांग मेरा मुल्क मेरा देश, अन्य समूह गीतों तेरी मिट्टी में मिल जावा और जरा सुन तुझे घर की पुकार है की मधुर प्रस्तुतियों ने देशभक्ति की भावना का संचार किया। प्राथमिक वर्ग के समूह नृत्य मां तुझे सलाम, योग नृत्य और माध्यमिक वर्ग के समूह नृत्य ऐ मेरे वतन के लोगों की आकर्षक प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुजीता कुमारी ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उन्हें सुनिश्चित सफलता के लिए अपनी पढ़ाई और अन्य कार्यों में कर्तव्यनिष्ठा के साथ कठोर परिश्रम करने का आह्वान किया।

प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण के कार्य में देश के सच्चे नागरिक के रूप में अपनी सार्थक भूमिका निभाने का आह्वान किया।झंडा गीत व अन्य प्रस्तुतियां भी हुईं। विद्यालय के संगीत शिक्षक डॉ.मुकुंद सिंह ठाकुर व अन्य शिक्षकों ने संगीत प्रस्तुतियों समेत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन किया।शिक्षकों डॉ. योगेंद्र पांडेय एवं संदेश निनावे के संयोजन में विद्यार्थियों कुलेश्वरी कोठले एवं सुमैरा मेमन ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। छात्र प्रतिनिधि वसुंधरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

कल्लूबंजारी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

कल्लूबंजारी (दावा)। शाला प्रांगण कल्लूबंजारी में स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगाँठ गांव में त्यौहार रखकर बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

ध्वजारोहण, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वतंत्रता सभा के मुख्यअतिथि सरपंच डोमेन कुमार पटेल, अध्यक्षता ग्राम पटेल राजकुमार पटेल ने किया। विशेष अतिथि उपसरपंच हेमीन साहू, विधायक प्रतिनिधि पुष्पा सिन्हा, एसएमसी के अध्यक्ष द्वय सुशील कंवर एवं रामेश्वरी मंडावी, उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, पाक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर, गणमान्य नागरिक बलिहार पटेल एवं पंचगण रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी के निर्देशन एवं संयोजन में आंगनबाड़ी, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के बच्चों ने मनमोहक नृत्य, गीत एवं भाषण प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि एवं प्राचार्य गौतरहीन कुंजाम ने सभा को संबोधित कर बच्चों एवं नागरिकों से देशहित में कार्य करते रहने का आव्हान किया तथा पालकों को बच्चों की अच्छी संस्कार एवं शिक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को समृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

आभार प्रदर्शन एवं सफल संचालन शिक्षक दिनेश कुरेटी दिलेर एवं व्याख्याता पूजा ध्रुर्वे ने किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक यु.एस.मंडावी, व्याख्याता केशरी टेमरे, लिलेश्वरी मंडावी, भूपेन्द्र कैवर्त, राहुल रामटेके शिक्षकगण अरूण कुमार दिल्लीवार, शोभराय कार्ते, तिलक राम बढ़ई, रोमन कुमार साहू, गीता कन्नौजे, चुम्मन लाल भुआर्य, जगन्नाथ नेताम आदि सहित समस्त पंचगण, पंचायत सचिव, कोटवार, शिक्षक-शिक्षिका, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, समस्त स्टॉफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शहर में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

ब्रह्माकुमारीज वरदान भवन में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय वरदान भवन राजनांदगांव में 78वें स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए दीदी जी ने कहा कि आज हम शारीरिक रूप से स्वतंत्र तो हो गए हैं लेकिन मानसिक रूप से आज भी हम माया के गुलाम है। हम आज काम क्रोध लोभ मोह तथा अहंकार रूपी विकारों के वशीभूत होकर निरंतर दुखी हो रहे है। परंतु हम सबके लिए खुशखबरी ये है कि हमे इन सब मनोविकारों के गुलामी से मुक्त करने के लिए परमपिता परमात्मा शिव स्वयं इस धरा पर आ चुके है और हमे राजयोग सिखाकर पांच विकारों रूपी माया के गुलामी से स्वतंत्र कर रहे है। यही हमारी सच्ची स्वतंत्रता है। इस अवसर पर नन्ही बालिका कुमारी सयुरी कड़व ने बहुत सुंदर देशभक्ति नृत्य तथा किशोर भाई ने बहुत सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सेवाकेंद्र में रहने वाली अनेक ब्रह्माकुमारी बहनों सहित प्रातः मुरली सुनने आने वाले अनेक भाई बहनें उपस्थित थे।

श्री सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्र की आजादी की 78वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह 9:00 बजे श्री सत्यनारायण मंदिर में समिति के सदस्य ओमप्रकाश सीताराम शर्मा द्वारा तिरंगा ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के साथ देश की आजादी के लिए अपनी आहुति देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। श्री शर्मा ने कहा कि मेरे जीवन में आज का दिन हमेशा यादगार रहेगा, जब मेरे द्वारा पहली बार संस्कारधानी नगरी के सबसे लोकप्रिय श्री सत्यनारायण मंदिर में ध्वजारोहण किया गया। शर्मा ने इसके लिए समिति का आभार व्यक्त किया। श्री सत्यनारायण धर्मशाला में भी आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, समिति के भवन व्यवस्थापक संतोष सिंघल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया, सचिव सुरेश अग्रवाल, सदस्य राहुल अग्रवाल, सौरभ खंडेलवाल, मंदिर के आचार्य पंडित बद्री महाराज, धर्मशाला के स्टाफ एवं अनेक मुसाफिर उपस्थित थे। सभी ने ध्वजारोहण के पश्चात एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाईयां दी एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ

शहर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में संचालित गायत्री गुरूकुल में 15 अगस्त की सुबह 9.30 बजे धूमधाम के साथ झंडा रोहण किया गया। इस दौरान श्रीमती अलका सुरजन, रूपाली गांधी, राधा लड्ढा की उपस्थिति में राष्ट्रपति महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम अवसर पर व्यवस्थापक ओम प्रकाश सहित सभी गायत्री परिवाजकों व स्कूल स्टाफ के लोगों की उपस्थिति रही अंत में मिष्ठान वितरण किया गया।

विकसित भारत का स्वप्न लिये ध्वजारोहण

आजादी के 78वें वर्ष पर जिला उपभोक्ता विभाग प्रतितोषण आयोग राजनांदगांव द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 7:30 बजे सदस्य डॉ. आनंद वर्गिस के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोग के कर्मचारीगण संतोष साहू, रंजन, संतोष राजपूत, यशवंत गहने, जय नंदेश्वर बंजारे, हरवा, श्रीमती राधिका सिन्हा उपस्थित थे। डॉ. आनंद वर्गिस ने अपने उद्बोधन में आजादी के मायने के साथ उपस्थित कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का बोध कराया व आज की समस्या पानी बचाओं, पर्यावरण बचाने की अपील में अपना योगदान प्रदान करने व वृक्ष लगाने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस केवल एक राजनैतिक घटना नहीं है यह हमारे लिये एक मौका है कि हम अपने भीतर झांके और अपनी स्वतंत्रता की वास्तविक अर्थों को समझें। उक्त जानकारी आयोग के रीडर संतोष साहू द्वारा दिया गया।

क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में मुख्य अभियंता ने किया ध्वजारोहण

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के पारीनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में 78 वां स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। मुख्य अभियंता श्री मेश्राम द्वारा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कम्पनीज रायपुर के संदेश का वाचनकर उपस्थितजनों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस पावन अवसर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विद्युतकर्मी हरि प्रसाद जंघेल, कनिष्ठ अभियंता, वितरण केन्द्र गंडई, फगन लाल निशाद, लाइन सहायक श्रेणी-दो, वितरण केन्द्र अम्बागढ़ चौकी, हेमसिंह डोंगरवार, लाईन सहायक श्रेणी-दो, बोरी उपसंभाग, ऐशु राम साहू, परिचारक श्रेणी-एक, एसटीएम संभाग एवं धनसिंह देवांगन, लाईन सहायक श्रेणी-दो, उपसंभाग बोरी को प्रशस्ति पत्र, चेक और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर अधीक्षण अभियंता श्री के.सी. खोटे, कार्यपालन अभियंता, एम.के.साहू, आर.के.गोस्वामी, ए.डी. टण्डन, बीरबल उइके सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम का संचालन पीआरओ धर्मेंद्र शाह मंडावी ने किया।

कस्तूरबा विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम

नगर कि प्रतिष्ठित एवं समाज सेवी संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा संचालित कस्तूरबा उ.मा. विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वाजारोहण के साथ-साथ विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अराधना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा बरडियां जी थी। जिनके उद्बोधन के पश्चात् कस्तूरबा महिला मंडल की सभी सदस्यों ने बच्चों को स्वतंत्रता का महत्व समझाया। 78वॉ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा अभिलाषा परिवार संस्था के परिसर में वृक्षा रोपण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कस्तूरबा महिला मंडल की अध्यक्ष - श्रीमती अल्का जानी, सूचिव - श्रीमती साधना तीवारी, कोषाध्यक्ष - श्रीमती शोभा चोपड़ा, संरक्षिका - श्रीमती सरस्वती माहेश्वरी, श्रीमती शारदा तीवारी, एवं सदस्य -श्रीमती आशा गुप्ता, शोभा चौरसिया, अनिल जैन, उर्मिला गुप्ता, विद्या पाण्डे, रजनी अग्रवाल, सुनिता लोहिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय कि शिक्षिका श्रीमती वर्णिका गुप्ता ने किया, विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण गुप्ता एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी आमंत्रित सदस्यों का धन्यवाद किया।

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में फहराया तिरंगा

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट स्थित संयुक्त जिला कार्यालय भवन में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

एनबीआईएस, बोरी में धूमधाम से मना आजादी का जश्न

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी में देश का 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बडे ही धूमधाम से मनाया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे। वही विशेष अतिथि के रुप में शाला की डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी रहीं। शाला की कलर पार्टी के द्वारा सभी अतिथियों को सम्मान मंच पर लाया गया। समारोह की शुरुआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा वीर सेनानियों के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई, पश्चात् मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, तिरंगे झंडे के सम्मान में शाला प्रांगण में भारत मात की जय के जयघोष के साथ राष्ट्रगान गाया गया। शाला के सभी हाऊस तथा क्लबों के बच्चों द्वारा सुंदर मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी गई। आजादी के इस जश्न में शाला के बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सुंदर समूह गीत तथा नृत्य की नयनाभिराम प्रस्तुति को सभी ने सराहा। कक्षा दसवीं की छात्रा रोमिका नवलानी ने अंग्रेजी तथा कक्षा सातवीं की छात्रा सेलवी चंदेल, कक्षा दूसरी की छात्रा हृदयी टांक, छठवीं कक्षा के छात्र अर्जुन अग्रहरि तथा कक्षा नवमीं के छात्र शुभ सोनी ने हिन्दी में अपने विचारों की प्रस्तुति दी। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आजादी के महात्म्य को साझा किया गया। अपने वक्तव्य में श्री बाजपेयी ने कहा कि आजादी को पाने के लिए महान वीरों के बलिदानों का हमें सदैव सम्मान करना चाहिए। राष्ट्र सदैव सर्वोपरि है, राष्ट्र को आगे बढाने हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस समारोह में सम्माननीय अतिथियों के साथ, शाला की प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, आफिस कर्मचारी तथा बच्चें उपस्थित रहें।

अशोका में स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह अशोका ग्रुप ऑफइंस्टीटयूशन्स परिसर में 78 वॉ स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री गणेश एवं माता सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद गजानन शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री संतोष बोद्दन ने घ्वजारोण किया तत्पश्चात् उपस्थित अशोका आई.टी.आई. एवं डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। उक्त अवसर पर गजानंन शिक्षा समिति के सहसचिव शैलेष श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में आशीष राठी, अंशुल मालू एवं कुलेश चन्द्राकर उपस्थित थे। श्री चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में अशोका परिवार की ओर से समस्त लोगो को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी एवं वर्तमान समय में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की घोर भर्त्सना की उन्होनें बताया कि बांग्लादेश में उग्र भीड़ द्वारा वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं जैन, बौद्व आदि धर्मावलंबियों को किस प्रकार निशाना बनाया जा रहा है। उनके घरों में तोड़फोड, लूट, आगजनी जैसी घटनायें रोज हो रहीं है। महिलाओं के साथ बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों को रोकने में वहां की नयी सरकार पूर्णतः विफल रही है। जिस कारण अनेक अल्पसंख्यक हिंदू पुरूषों एवं महिलाओं को अपनी जान गवानी पड़ी है तथा बहुत से लोग अपना घर छोड़ने पर विवश हो गये है। उन्होंने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से अपील की है कि भारत में बहुसंख्यक हिदू समुदाय के मध्य इन घटनाओं के कारण आक्रोश व्याप्त है। अतः भारत सरकार जल्द से जल्द उक्त मामले में दखल देवें ताकि इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकें। कार्यक्रम के अंत में बांग्लादेश में जो अल्पसंख्यक हिदू अपनी जान गंवा चुके है। उनकी आत्मा की शांति के लिए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन धारण किया।

अग्रसेन भवन में मनाया गया आजादी का उत्सव

अग्रवाल समाज द्वारा आजादी का राष्ट्रीय उत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। 15 अगस्त को अग्रसेन भवन में प्रातः 9:30 बजे मुख्य अतिथि सुरेश कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अग्र जन उपस्थित थे। जिस थीम से सजावट की गई थी उससे पूरा भवन तिरंगामय हो गया था। राष्ट्रगान तथा भारत माता के जय घोष में अभूतपूर्व उत्साह दिखा। अपने स्वागत उद्बोधन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्री शरद अग्रवाल ने कहा कि हमारा धर्म भी राष्ट्र, हमारा कर्म भी राष्ट तथा हमारा मर्म भी राष्ट है। बाकी सब उसके बाद है। उन्होंने कहा कि मैं भी एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हूं। देश की आजादी के लिए जिन वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया आज हम उन्हें याद करते हुए नमन करते हैं। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए संजय अग्रवाल ने तिरंगे के तीन रंगों की व्याख्या करते हुए कहा कि आजादी एक व्यापक विचार है। मुख्य अतिथि सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि लंबे संघर्ष और लाखों लोगों के बलिदान के बाद आजादी मिली। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों के सामूहिक प्रयास से देश ने अनगिनत उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में अग्रवाल समाज का बहुत बड़ा योगदान है। इससे पहले समारोह को पूर्व अध्यक्ष सुशील पसारी, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, श्रीमती किरण अग्रवाल ने भी संबोधित किया। मास्टर गौरांश अग्रवाल ने देश भक्ति गीत की शानदार प्रस्तुति दी। अंत में अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल ने आभार ज्ञापित किया। यह जानकारी प्रचार प्रसार सह प्रभारी राहुल अग्रवाल ने दी।

आजादी का मतलब ज्यादा समर्पण तथा ज्यादा अनुशासन-सुशील कोठारी

भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण युगांतर के पूर्व विद्यार्थी डॉ केयुरा जैन एमडीएस पेडियाट्रिक डेन्टरिस्ट्री किड्स डेन्टल स्पेशलिस्ट तथा डॉ शेफालिका उमरे एमबीबीएस, एमडी पैथोलॉजी के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 8 बजे किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट और देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। इस दौरान विद्यालय के कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र जैन, राजकुमार अग्रवाल, प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी ने कहा कि आजादी का मतलब देश के लिए ज्यादा समर्पण और ज्यादा अनुशासन होता है। इसके लिए हमें सदा आजाद रहने के संकल्प के साथ आजादी को सदा बरकरार रखने का दायित्व भी निभाना चाहिए। उन्होंने पड़ोसी देश बांग्ला देश के हालात का जिक्र करते हुए बताया कि विश्व में किसी देश को आजाद रखने के लिए भारतीय सांस्कृतिक एकता और यहाँ की नैतिक शिक्षा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। तानाशाही किसी देश की आजादी के लिए भी खतरा हो सकती है। आगे उन्होंने देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। इसी कड़ी में प्राचार्य डॉ मधु पी चौधरी ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे कभी भी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से पीछे न हटे। चंद्रयान जैसे किसी मिशन से जुड़कर देश की सेवा करें और ग्लोबल सिटीजन बनकर विश्व का कल्याण करें। मुख्य अतिथि डॉ केयुरा जैन तथा डॉ शेफालिका उमरे ने विद्यालय में बिताए अविस्मरणीय क्षणों को याद किया। समारोह की शुरूआत में गणमान्य अतिथियों द्वारा शहीद वेदी में पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। तत्पश्चात गणमान्य अतिथियों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान संस्था के नव मनोनीत स्टूडेंट कौन्सिल के पदाधिकारियों को स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में गणमान्य अतिथियों के साथ फोटो सेशन हुआ। देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम में सामूहिक गीत और नृत्य आकर्षण के केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत का मधुर आलाप प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। एकल प्रस्तुतियों में अर्पित श्रीवास्तव, माज हुसैन, समृद्धि अग्रवाल, जिया अग्रवाल, शिवान्श सृजन शुक्ला,सेजल घनसानी, आराध्या, समरथ बोहरा, आसिफ हुसैन, मनन की प्रस्तुतियाँ सराहनीय रही। समारोह का संचालन कार्यक्रम प्रभारी वन्दना सिंह, शालिनी नायर, तनुश्री मुखर्जी, नीतू सिंह के मार्गदर्शन में अपर्णा मेहर, आर्या रहटगाँवकर, दिव्यान्श भंसाली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हेड ब्वॉय विपुल सोमकुंवर ने किया।

इंग्लिश मीडियम स्कूल चौकी में प्राचार्य ने फहराया तिरंगा

स्वतंत्रता के 78वें पर्व पर इंग्लिश मीडियम स्कूल, अंबागढ़ चौकी, राम निवास सारडा एग्रीकल्चर कैंपस में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। दोनों संस्थाओं की ओर से शालेय प्राचार्य डॉ. एस के मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज को गगनाधीन कर सैल्यूट किया। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर शालेय विद्यार्थियों ने अपनी तुतली जुबान से देश भक्ति के गीत गुनगुनाए। साथ ही अपने पाठ्यक्रम में शामिल पोयम गाकर शिक्षकों एवं पालकों का दिल जीत लिया । कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री प्रजापति ने राष्ट्रीय पर्व को आत्मा से जुड़ा उत्सव बताया। इसी तरह प्राध्यापक श्री साहू ने कहा कि हमें देश में जो सुकून प्राप्त है वह हमारे संविधान के कारण ही है। कॉलेज में पदस्थ जावेद अहमद ने देश भक्ति का गीत गाकर राष्ट्रीय पर्व को ऊंचाई प्रदान की। अंत में शाला प्राचार्य डॉ.एस.के.मिश्रा ने अपने उद्बोधन में देश में बढ़ रहे अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर भी दुःख व्यक्त किया।

प्रथम पेज का शेष

जदयू ने सामाजिक टकराव

कहा था कि विभिन्न धार्मिक समूहों, विशेष रूप से अल्पसंख्यकों की सहमति प्राप्त किए बिना समान नागरिक संहिता लागू करने का कोई भी प्रयास सामाजिक टकराव का कारण बन सकता है और धार्मिक स्वतंत्रता की संवैधानिक गारंटी में विश्वास का क्षरण हो सकता है। एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एकमत- वहीं, एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव पर राजग के सहयोगी दल एकमत दिख रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की पुरजोर वकालत की थी। त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर भाजपा से पूरी तरह सहमत है। जद (यू) और लोजपा (रामविलास) दोनों ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति के समक्ष 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा को अपना समर्थन दिया था। भाजपा की एक अन्य महत्वपूर्ण सहयोगी शिवसेना, जिसका नेतृत्व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कर रहे हैं, समान नागरिक संहिता और एक साथ चुनाव कराने का समर्थन करती रही है।

स्वतंत्रता दिवस पर करीब 98 मिनट के अपने संबोधन के दौरान मोदी ने यूसीसी और इसके बारे में उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लेख किया तथा इस विषय पर देश में गंभीर चर्चा की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश का एक बहुत बड़ा वर्ग मानता है कि जिस नागरिक संहिता को लेकर हम लोग जी रहे हैं, वह सचमुच में साम्प्रदायिक और भेदभाव करने वाली संहिता है। मैं चाहता हूं कि इस पर देश में गंभीर चर्चा हो और हर कोई अपने विचार लेकर आए। पीएम मोदी ने कहा कि जो कानून धर्म के आधार पर देश को बांटते हैं, ऊंच-नीच का कारण बन जाते हैं... उन कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं हो सकता। अब देश की मांग है कि देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता हो।

पीएम मोदी ने एक राष्ट्र, एक चुनाव का किया जिक्र- बार-बार चुनाव से देश की प्रगति में गतिरोध पैदा होने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की ओर से किसी भी योजना की घोषणा को अक्सर चुनावी नफा-नुकसान से जोड़ दिया जाता है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बारे में देश में व्यापक चर्चा हुई है, सभी राजनीतिक दलों ने अपने विचार रखे हैं और इसके लिए पूर्व राष्टपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट भी तैयार की है। उन्होंने कहा, वन नेशन, वन इलेक्शन के लिए देश को आगे आना होगा। मैं लाल किले से देश के राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं, देश के संविधान को समझने वाले लोगों से आग्रह करता हूं कि भारत की प्रगति के लिए, भारत के संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के सपने को साकार करने के लिए आगे आएं।

उदयपुर में हिंसा : स्कूली छात्रों के झगड़े

घटना को लेकर आक्रोश जताया। अस्पताल में बड़ी संख्या में हिंदू संगठन के लोग जुटे हुए हैं। कड़ी कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात है। जिला कलेक्टर ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। डॉक्टर घटना के बाद चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है।

6 कार और लोडिंग टेंपो में लगा दी आग - आक्रोशित भीड़ ने अश्वनी बाजार में मुख्य सड़क के किनारे खड़े लोडिंग टेंपो को आग के हवाले कर दिया। सरदारपुरा के गैराज के बाहर खड़ी 6 कारों में आग लगा दी। आक्रोशित भीड़ ने चेतक सर्किल पर दुकान और एक मॉल में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने चेतक सर्किल पर बने अरवाना मॉल के कांच तोड़ दिए। इतना ही नहीं घटना के बाद पुराने उदयपुर शहर के अधिकांश बाजार बंद कर दिए गए।

15 थानों का पुलिस बल तैनात- पुलिस का कहना है कि सभी इलाकों में पुलिस बल तैनात है। शहर के करीब 15 थानों का बल लगाया गया है। पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया है। सभी पुलिस अफसर फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं। धारा 144 की पालना कराई जा रही है। लोगों से अपील है कि वे शांति बनाए रखें।

डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए छत्तीसगढ़

काम करने वाली सरकार है। हमने 100 दिन के अंदर ही बड़े-बड़े कार्य किए है। हम काम करते हैं घोषणा नहीं करते हैं। कांग्रेस ने केवल 5 साल में घोषणा की है इसलिए उन्हें आदत है, 15 अगस्त और 26 जनवरी के दिन घोषणाएं सुनने की।

दो राज्यों की विधानसभा चुनावों का ऐलान

लेकिन इनके लिए इलेक्शन शेड्यूल बाद में घोषित होगा। महाराष्ट्र में 26 नवंबर 2024 को विधानसभा का कार्यकाल खत्म होगा। यहां बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है। 2019 के विधानसभा चुनाव में एनडीए को 201 और महाविकास अघाड़ी को 67 सीटें मिली थीं। राज्य में कुल सीटों की संख्या 288 है और बहुमत का आंकड़ा 144 है। झारखंड में विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी 2025 को समाप्त हो रहा है। राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या 81 और बहुमत का आंकड़ा 41 है। यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुआई में गठबंधन की सरकार है।

'पंचायत से केंद्र तक मिशन मोड में...

विकसित भारत के लिए मिलकर करना होगा काम- पीएम ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को इस दिशा में पंचायतों के स्तर तक मिलकर काम करना होगा। मोदी के अनुसार शासन में सुधार की प्राथमिकता तय करनी होगी ताकि हम विकसित होने का संकल्प पूरा कर सकें। हमें एक ऐसे समाज का निर्माण करना है जिसमें सरकारी दखल कम से कम हो। सरकार सुगम जीवन की अनुभूति कराने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। पीएम ने कहा कि सुधार के प्रति हमारा संकल्प केवल कागजी बातों तक सीमित नहीं है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए काम करेंगी तो इससे बड़े बदलाव का रास्ता साफ होगा। मोदी ने कहा कि आज देश में पंचायत से लेकर केंद्र सरकार तक करीब तीन लाख संस्थाएं काम कर रही हैं। अगर ये संस्थाएं हर वर्ष अपने स्तर पर दो सुधार भी तय कर लें तो कितने बड़े पैमाने पर सुधार किए जा सकते हैं।

इन्फ्रा विकास के लिए बड़े कदम उठाए गए- स्वतंत्रता दिवस पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने पिछले दस साल में बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में हुई प्रगति का विवरण देते हुए कहा कि रेलवे, परिवहन, पोर्ट, एयरपोर्ट, ब्राडबैंट कनेक्टिविटी स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण में अभूतपूर्व काम हुआ है और इसका असर यह हुआ है कि आधारभूत ढांचे का कायाकल्प हो गया है। स्कूल और अस्पताल वनों और दूरदराज के क्षेत्रों तक बनाए गए हैं। आरोग्य मंदिर, नए मेडिकल कालेज का निर्माण उनकी सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। चार करोड़ घरों का निर्माण किया गया है और तीन करोड़ नए घर बनाए जा रहे हैं। पीएम ने कहा कि उनकी सरकार ने यथास्थिति वाली मानसिकता को बदला है।

एसीबी-ईओडब्ल्यू की 20 टीमों ने

कोयला कारोबारी, ठेकेदार और जमीन कारोबारियों के ठिकानों पर कार्रवाई की है। 0 दो साल से जेल में बंद हैं तीनों अफसर- उल्लेखनीय है कि, निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई, रानू साहू और राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या चौरसिया दो साल से जेल में हैं। कोयला लेवी के मामले में ईडी ने सबसे पहले आरोपियों के ठिकानों पर छापे मारे थे। इसी छापे में समीर बिश्नोई, रानू और सौम्या तीनों की संलिप्तता का पता चला था। कड़ी दर कड़ी जांच ब?ती चली गई और आरोपियों पर ईओडब्ल्यू में भी कोयला और आय से आधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज हुआ है।

इतिहास विभाग में मनाया गया आदिवासी दिवस

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के इतिहास विभाग में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती ई व्ही रेवती के निर्देषन वं इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा चौधरी नेतृत्व में इतिहास विभाग में 10 अगस्त षनिवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ श्रीमती आशा चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आदिवासी दिवस मनाये जाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

विश्व आदिवासी दिवस
शीर्षक - आदिवासी
गायन प्र
Date - 10/08
आदिवासी लोकगीत गायन प्रतियोगिता की गई आयोजित

उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति के संरक्षक हैं। जल, जंगल और जमीन पर अपना नैसर्गिक अधिकार मानते हैं। अपने इसी अधिकार की रक्षा के लिए 1910 ई.मे बस्तर के आदिवासियों ने भूमिकाल आन्दोलन किया था।

आदिवासी, मानव की आदिम सभ्यता और संस्कृति के रक्षक हैं। किसी देश या क्षेत्र के आदिम सभ्यता, संस्कृति का इतिहास को जानना है तो हमें उस क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र में जा कर अध्ययन करना होगा।

आज के परिवेश में आदिवासी सभ्यता एवं संस्कृति के समाप्त होने का खतरा मंडरा रहा है जिसे बचाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है ।आदिवासी दिवस पर आदिवासी लोकगीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन इतिहास विभाग द्वारा महाविद्यालय के छात्राओं के लिए आयोजित किया गया था। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा आदिवासी लोकगीत का गायन किया गया। कु चांदनी एवं साथी एमए हिंदी ने प्रथम स्थान, विकास एवं साथी एमए हिंदी ने द्वितीय स्थान तथा देवराज ठाकुर एमए इतिहास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इतिहास विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथि व्याख्याता एवलाल मेश्राम, डॉ. श्रीमती नीता राजपूत एवं नीलम सिन्हा के अलावा महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

मोरकुटुम्ब संकुल में हुआ पालक-शिक्षक मेगा बैठक

छुरिया (दावा)। संकुल केंद्र मोरकुटुम्ब में शासन के आदेशानुसार पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल केंद्र आश्रित शालाओं मोरकुटुम्ब, भेजराटोला, बजरंगपुर तथा पैरीटोला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य पालक व शिक्षक उपस्थित हुए। संकुल प्रभारी व समन्वयकद्वय के मार्गदर्शन व इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हृदयराम यादव सेवानिवृत्त प्रधानपाठक की उपस्थिति में बैठक की 12 बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। इन बिंदुओं में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, अकादमिक प्रगति, पुस्तक की उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण पोषण, आय-जाति-निवास, न्यौता भोज, विभागीय योजना तथा विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म की चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में संकुल प्रभारी प्रदीप वर्मा, समन्वयक मूलचंद साहू, शाला प्रबंधन समिति के धनवाराम पडोती, सुरेश शोरी, चंद्रिका साहू, पल्टूराम पडोती, देवकुमारी, संतोष चतुर्वेदी, संतोष जैन व बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

जिले के नगरीय निकायों में सुनी गई लोगों की समस्याएं

खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देश पर जिले के नगरीय निकाय खैरागढ़, छुईखदान, गंडई में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया।

पखवाड़े भर तक चला जन समस्या निवारण शिविर
विभागों द्वारा 421 प्रकरणों का किया गया त्वरित निराकरण

इन पंद्रह दिनों में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अलग अलग दिनों में अलग अलग वार्डों में कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी जिसमे कुछ समस्याओं का निराकरण मौके पर ही की गई ऐसी समस्याएं जिनका निपटान त्वरित रूप से नही हो पाई उसको आगे प्रोसेस में लिया गया है। जानकारी अनुसार नगरपालिका खैरागढ़ में कुल 1287 मांग,112 शिकायतें इस तरह कुल 1399 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमे से 271 समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया, शेष 1128 आवेदनों का नियमानुसार निराकृत किया जाएगा। शिविर में ज्यादातर वार्डों में स्वच्छता व नाली सफाई को लेकर लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। ज्यादातर मांग सीसी रोड, शौचालय, नाली, मुक्तिधाम, बाउंड्रीवॉल, राशन कार्ड, पेंशन, विद्युत पोल को लेकर हुई। नाली सफाई, सड़क बत्ती जैसी शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इसी प्रकार नगर पंचायत छुईखदान में कुल मांग 212, 41 शिकायत इस तरह कुल प्राप्त आवेदन 253 प्राप्त हुआ जिसमे 122 शिकायतों को ऑन स्पॉट सुलझाया गया। नगर पंचायत गंडई में कुल मांग 223, शिकायतें 47 कुल प्राप्त आवेदन 270 मिला जिसमे 28 प्रकरणों को मौके पर सुलझाया गया।

डी.पी.एस. सैनिक स्कूल में सिकलसेल जांच का मेडिकल कैम्प आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली पब्लिक सैनिक स्कूल में सिकल सेल बीमारी की जाँच चीफ मेडिकल एवं हेल्थ ऑफिसर एएनएम अनसुईया बोगा, छबी साहू, रूपाली कुंजाम, नीरा नेताम, सीमा सोरी, चीना कंवर एवं अखिलेश महेश्वरी के द्वारा की गई। सिकल सेल एक जेनेटिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में ट्रांसफर होती है। इसमें रेड ब्लड सेल्स में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और सेल का आकार गोल नहीं बनता है। जिसकी वजह से यह सेल आधे चाद या फिर हंसिए की तरह नजर आता है। इसलिए इसे सिकल (हसिया) सेल कहते हैं। इसके मुख्य लक्षणों में तेज दर्द होना और सांस लेने में तकलीफ होना शामिल है। यह परीक्षण यह जानने के लिए किया जाता है कि क्या किसी व्यक्ति में असामान्य हीमोग्लोबिन है जो सिकल सेल रोग और सिकल सेल लक्षण का कारण बनता है। शाला की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह एवं प्रशासक जयंत पिल्लई ने स्वास्थ्य विभाग से आए हुए चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को उनके द्वारा निर्देशित भोज्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी।

बच्चों के प्रति अधीक्षकों का व्यवहार अभिभावकों की तरह होना चाहिए - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षकों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जर्जर छात्रावास भवनों की जानकारी ली। उन्होंने मरम्मत योग्य छात्रावास भवनों को शीघ्र मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन छात्रावास भवनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि नये भवन बनने से बच्चों को पढ़ाई के लिए अच्छा वातावरण एवं सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने निर्माणाधीन छात्रावास भवनों में अभी से वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास राजनांदगांव में पानी टपकने के कारण अन्य हॉस्टल में किचन को शीघ्र शिफ्ट करने के निर्देश हॉस्टल अधीक्षक को दिए।

कलेक्टर ने आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की ली बैठक
बच्चों को अच्छी शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन देने कहा

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के प्रति अधीक्षकों का व्यवहार अभिभावकों की तरह होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पालक अपने बच्चों को आश्रम-छात्रावासों में अच्छी शिक्षा के लिए भेजते हैं। बच्चे सबसे ज्यादा समय आश्रम-छात्रावास में रहते हैं। अधीक्षकों पर बच्चों के देख-भाल की बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी शिक्षा और कैरियर मार्गदर्शन देने कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में पढ़ाई के अलावा खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए बच्चों को खेलना-कूदना बहुत जरूरी है। इसके लिए आश्रम-छात्रावास परिसर या आस-पास मैदान बनाने कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में किचन गार्डन विकसित करने कहा। उन्होंने सभी छात्रावासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के साथ अधिक से अधिक पौधरोपण करने कहा। जिससे भूजल स्तर बना रहेगा। उन्होंने बच्चों को पानी के महत्व और जल संरक्षण एवं पौधरोपण के संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों का समय-समय में स्वास्थ्य परीक्षण होते रहना चाहिए। उन्होंने सभी बच्चों का सिकल सेल की जांच अवश्य कराने कहा। उन्होंने कहा कि सभी छात्रावासों में रसोई घर साफ-सुथरा होना चाहिए। खाने वाली वस्तुओं को सफाई के साथ रखने के लिए कहा, जिससे बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने आश्रम-छात्रावासों में नियमित निगरानी समिति की बैठक आयोजित करने कहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, सहायक संचालक आदिवासी विकास दीक्षा गुप्ता एवं आश्रम-छात्रावासों के अधीक्षक उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने निकाली संविधान यात्रा

डोंगरगांव (दावा)। बुधवार को डोंगरगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर में संविधान यात्रा निकाली गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला कांग्रेस के निर्देश पर आज शहर के बुद्धविहार से अंबेडकरजी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर सिनेमा लाइन होते हुए शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर, रामद्वार पुराना बस स्टैंड होकर ब्लॉक कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचकर यात्रा का समापन हुआ।

प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी रवि शुक्ला से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रभारी रमेश खंडेलवाल, नरेश शुक्ला व ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू के निर्देशन पर संचालित यात्रा के पथ संचालन में मुख्य रूप से शामिल होने क्षेत्र के विधायक व मार्गदर्शक दलेश्वर साहू भी पहुंचे साथ ही जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, विरेंद्र बोरकर, ललित लोढ़ा, संध्या साहू, जमुना, वैशाली बोरकर, सतीश वैष्णव, प्रियंक जैन, दीपक देवांगन, डॉ.नरेंद्र साहू, कमलनारायण वैष्णव, मयंक यदु, श्यामसुंदर लाउत्रे, विष्णु सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में तुलसीदास जी की जयंती मनाई गई

डोंगरगढ़/मुसरा(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर मुसरा में गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा गोस्वामी जी के जीवन चरित्र को लेकर उनके जन्म उत्तर प्रदेश के बांदा जिला में राजापुर नामक एक छोटे से गांव में 1553 शुक्ल पक्ष के सप्तमी तिथि को हुआ था। उनके माता जी का नाम हुलसी था पिताजी का नाम आत्माराम दुबे थे।

गोस्वामी तुलसीदास जयंती
सरस्वती शिशु मंदिर

गोस्वामी तुलसीदास भगवान श्री रामचंद्र जी के अनुयायी थे। कहते है कि तुलसीदास का जन्म 12 महीने गर्भ में रहने के बाद हुआ था,जन्म के समय उनके मुंह में सभी 32 दांत थे स्वास्थ्य और रूप पांच वर्ष के बालक के जैसा था और वह जन्म के समय रोए नहीं बल्कि राम का उच्चारण किया ।

इसलिए उनका नाम रामबोला रखा, जैसा कि तुलसीदास विनय पत्रिका में बताते है उनका जन्म मूल नक्षत्र में हुआ था जो हिंदू ज्योतिष के अनुसार पिता के जीवन के लिए तत्काल खतरा पैदा करता है। उनके जन्म के समय अशुभ घटनाओं के कारण उनके माता पिता ने त्याग दिया, उस दौरान चुनिया नामक दासी के द्वारा 5 वर्ष तक किया जिसके बाद उसकी मृत्यु हो गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में तुलसीदास जी को भारतीय और पश्चिमी विद्वानों द्वारा कविता और हिंदू समाज में सामान्य रूप से सराहा जाता है। तुलसीदास जी की जीवन की अभूतपूर्व घटना है कि और यह घटना रोज घटती थी तुलसीदास जी को स्वप्न आया कि तुम अपनी भाषा में काव्य रचना करो। उसी समय वे उठकर बैठ गए और सामने भगवान शिव पार्वती प्रगट हुए गोस्वामी जी का आत्म साक्षात्कार हो गया। विद्यालय के एग्जाम सेल एंड एकेडमिक इंचार्ज अपनी उद्बोधन में गोस्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए गोस्वामी जी अत्यंत निर्धन परिवार में जन्म हुआ था। भारत में अपनी युग का सबसे महान व्यक्ति और अकबर के समकालीन और इससे महान थे। गोस्वामी जी राम भक्ति शाखा के महान कवि थे।

इनकी प्रमुख रचना विनय पत्रिका, दोहावली, कवितावली, रामचरितमानस, कृष्णवली, जानकी मंगल आदि है उपर्युक्त उद्बोधन के समापन करते हुए तुलसीदास जी अभिव्यक्ति को व्यक्त किया। सियाराम मय सब जग जानी, करहूं प्रणाम जोरी जुग पानी। उपर्युक्त कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य भागवत पटेल, भूखन वर्मा, कुशल वर्मा, मानिक पटेल, पारथ बंजारे दीदियां विद्या वैष्णव, संतोषी विश्वकर्मा, प्रतिभा पटेल, भानेश्वरी उइके, डोमेश्वरी पैकरा एवं विद्यालय के सभी स्टूडेंट्स सम्मिलित थे ।

उच्च उपज, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल जारी

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली द्वारा विकसित किए गए उच्च उपज, जलवायु अनुकूल एवं जैव-सुदृढ़ वाली 109 नई किस्म की फसल को जारी किया। जिसमें 61 फसलों की 109 किस्मों में 34 खेत की फसलें और 27 बागवानी फसलें शामिल हैं।

खेत की फसलों में बाजरा, चारा फसलें, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास, फाइबर और अन्य संभावित फसलों सहित विभिन्न अनाज के बीज जारी किए गए। वही बागवानी फसलों में फलों, सब्जियों, बागानों, कंद फसलों, मसालों, फूलों और औषधीय फसलों की विभिन्न किस्में भी शामिल हैं। इस दौरा प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से भी बातचीत की।

लाइब्रेरियन्स डे पर डॉ. रंगनाथन को किया याद

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में भारत में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के जनक, पुस्तकालय विज्ञान के राष्ट्रीय प्रोफेसर डॉ. एस.आर. रंगनाथन (1892-1972) की 132 जयंती 12 अगस्त को राष्ट्रीय पुस्कालयाध्यक्ष दिवस (लाइब्रेरियन्स डे) के रूप में मनाई गई। डॉ. रंगनाथन ने भारत में पुस्तकालय विकास का नेतृत्व किया था।

महाविद्यालय में मनाया गया लाइब्रेरियन्स डे
ग्रंथालय में छात्रों का ज्ञान बढ़ा रही 35,000 से अधिक पुस्तकें

इस अवसर पर प्रोफेसर एस.आर. रंगनाथन के ग्रंथालय विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को याद किया गया। महाविद्यालय के ग्रंथपाल नितेश तिरपुडे ने बताया कि हम आज जो कुछ है और जिस मुकाम पर है वह सब पुस्तकालय विज्ञान के पितामह प्रो. रंगनाथन की मेहनत और आशीर्वाद से है।

उनके अथक प्रयासो से पुस्कालय विज्ञान भारत में और विश्व में अपनी महता अर्जित कर सका।

प्रो. रंगनाथन दिल्ली विश्वविद्यालय में पुस्तकालय विज्ञान के संस्थापक होने के साथ-साथ इस विषय से पहले पदमश्री सम्मानित अकादमिक शख्सियत रहे है। भारत सरकार द्वारा इनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया जा चुका है।

इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि पुस्तके हमें ज्ञान देती है। पुस्तके हमें शिक्षा देती है, पुस्तके हमें संस्कार देती है। पुस्तके हमारी सबसे अच्छी गुरू और मागदर्शक होती है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें अध्ययन करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहा.प्राध्या. अविनाश सिंह, प्रयो. तकनी. संजय तिवारी, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अभिलाषा में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने फहराया तिरंगा

राजनांदगांव (दावा)। शहर की अभिलाषा संस्था में जिले के पूर्व सांसद व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने हर्षोल्लास के बीच ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व श्री यादव ने भारत माता व राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान राष्ट्र गीत जन-मन-गण के बीच श्री यादव द्वारा पूरे शानों से राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर अभिलाषा की अध्यक्ष संतोष कुमार बोददून, संरक्षक गौतम पार्क, उपाध्यक्ष गीता राठौर, संयुक्त सचिव-आलोक बिंदल, सचिव रुपम सोनछत्रा, संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, भानुमति पिल्ले, समाजसेवी वर्षा अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, सुदामा मोटलानी, प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव, प्राचार्य-श्रीमती वंदना मेडम सहित बड़ी संख्या में पालकगण वह स्टाफ की उपस्थिति रही। उक्ताशय की जानकारी अभिलाषा के संयुक्त सचिव आलोक बिंदल ने दी।

कांग्रेस का गौ सत्याग्रह, मवेशियों को तहसील कार्यालय में छोड़ा

घुमका (दावा)। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार घुमका में कांग्रेसियो द्वारा गौ सत्याग्रह कर अनोखा प्रदर्शन किया गया। विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल, थानेश्वर पटिला, ग्रामीण जिलाध्यक्ष भागवत साहू की व अन्य वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में गांधी चौक से गौ सत्याग्रह की शुरुवात कर महाराणा प्रताप चौक, चंडी चौक होते हुए पैदल मार्च कर खुलेआम घूमते मवेशियों की व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सैकडो मवेशियों को लेकर तहसील कार्यालय पहुँचे व प्रदर्शन किया। कांग्रेसी नेताओ ने कहा कि प्रदेश भर में गायों की मौत हो रही है, खुले मवेशियों के कारण सडक दुर्घटना बढ रही है, आवारा मवेशियों से खेतों की चराई पूरे प्रदेश में बडी समस्या बन कर उभरी है किसान परेशान हैं। परन्तु साय सरकार को कोई फिक्र नही है। इन समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग शासन प्रशासन से करते हुए कांग्रेसियो ने नायब तहसीलदार अशोक सिंग को ज्ञापन सौपा। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, सरपंच श्रीमति फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, चन्द्रेश वर्मा, पीयूष दुबे, प्रह्लाद यादव, महेश वर्मा, दिनेश पुराणिक, दुर्गेश द्विवेदी, नवीन लुनिया, रमाकांत साहू, राजेश शान, पुसउ राम, कैलास शर्मा, नारायण वर्मा, डेरहा वर्मा, गन्नू वर्मा आदि सहित सैकडों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

ग्राम पंचायत-घुमका

घुमका (दावा)। गौरव ग्राम घुमका में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सभी सरकारी संस्थानों स्कूल, कालेज, अस्पताल, बैंको, आंगनबाडीयों में ध्वजारोहण किया गया। प्रमुख कार्यक्रम ग्राम पंचायत में आयोजित किया गया मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल थे सरपंच श्रीमति फूलमती जयकुमार वर्मा ने ध्वजारोहण किया व स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पंचायत द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया।

सुनील जैन डोंगरगढ़ महाविद्यालय के अध्यक्ष बने

डोंगरगढ़(दावा)। सुनील कुमार जैन चिकू को शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने राजनांदगांव क्षेत्र के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह, प्रभारीमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भाई सुनील कुमार जैन को दिए गए इस नवीन दायित्व के लिये बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं दी है।

जाट समाज की महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाया तीज त्यौहार

राजनांदगांव (दावा)। रविवार 11 अगस्त को जाट समाज की महिलाओं ने तीज का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया। इस त्यौहार को मनाते समय सभी महिलाएं पूरे रीती रिवाज के साथ सज-धज कर अपनी संस्कृति का अनूठा परिचय दे रही थी।

सभी के चेहरे पर उत्साह देखते ही बन रहा था। सावन के महीने में इस हरियाली तीज को मनाने की बरसो पुरानी परम्परा है। विगत 2 वर्षो से राजनांदगाँव में श्रीमती संगीता बाल्यान के निज निवास जीवन कॉलोनी में बड़ी धूमधाम से ही यह पर्व मनाया जाता रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा नेत्री श्रीमती पूनम शर्मा (जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा राजनांदगाँव) की उपस्थिति में मनाया गया। विशिष्ट अतिथियों में वार्ड क्रमांक 45, रामकृष्ण वार्ड के पार्षद गगन आईच की धर्मपत्नी अधिवक्ता श्रीमती शांभवी गगन आईच सहित अन्य महिलाओं ने झूला झूल कर अपनी संस्कृति का परिचय दिया। माँ पाताल भैरवी मंदिर परिसर के पास यह त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर श्रीमती कृष्णा डबास, सुनीता वर्मा, मंजूषा मुंडेल, पूनम सिंह, पूनम हुड्डा, सरिता मलिक, लीला चौधरी, श्रीमती सिंगला, निर्मल मोर, सीमा मोर, श्रीमती कृष्णा एवं संगीता बाल्यान आदि महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

हिन्दूओं के कत्लेआम से उबला शहर.... निकली विशाल जन आक्रोश रैली

सुबह से ही चाक चौबंद बंद रहा शहर, रैली में उमड़ी सभी संस्था संगठन के लोग

राजनांदगांव (दावा)। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में सत्ता पलट के दौरान हिन्दुओं पर हो रहे जुल्म और कत्लेआम को लेकर शुक्रवार को शहर उबल पड़ा और बड़ी संख्या में विभिन्न संस्था-संगठनों के लोग इसका प्रतिकार करने और अपनी आवाज बुलंद करने सड़क पर उतर पड़े। इस दौरान बांग्लादेश में हिन्दूओं पर हो रहे नर-संहार से आक्रोशित लोगों का खून-खौल पड़ा और हजारों की संख्या में सड़क पर आकर इसका जमकर विरोध किए तथा भारत देश से रोहिंग्या हआओं व एनआरसी लगाओं का नारा बुलंद करते हुए रैली निकाल कर शहर भ्रमण की।

बता दें कि शहर में लगभग डेढ़ कि.मी लंबी निकली विशाल हिंदू जन आक्रोश रैली को देख कर लोग अचरज में रहे बिना नहीं रहे। शहर के महावीर चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे से निकाली गई उक्त विशाल जनाक्रोश रैली में जिले के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, मधुसूदन यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व सांसद अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष संतोष अग्रवाल आदि सहित सर्व हिन्दू संगठन के नीरज बाजपेयी, योगेश बागड़ी, बजरंगदल के अरूण गुप्ता, अनूप श्रीवास, नंदू साहू, बाबाजी, संजय शर्मा, शैलेष बाबा विहिप के प्रशांत सोनी, प्रशांत दुबे, अग्निहोत्री, लाल मुनाई सहित बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन के लोगों के अलावा शहर के सिख समाज, लोहाणा गुजराती समाज, सिंधी समाज, गुप्ता समाज, खंडेलवाल समाज, माहेश्वरी समाज व अन्य समाज के लोगों की उपस्थिति रही। रैली का जोशो-खरोश के साथ नगर भ्रमण हुआ। रैली में सभी संस्था संगठन के लोगों सहित शहर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाओं की भी उपस्थिति रही। इस दौरान शहर के चौक चौराहों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था बनी रही।

सौपा गया ज्ञापन

बता दे कि बांग्लादेश हिन्दूओं पर हो रहे नर-संहार के विरोध में शुक्रवार को सुबह से ही शहर के दुकानों के दरवाजे नहीं खुले। शहर के मुख्य मार्केट सहित तमाम गली लाइनों की दुकानें चाक-चौबंद बंद रही।

हिन्दू संगठन के आहवान अनुसार सुबह से ही महावीर चौक पर लोग एकत्रित होते चले गए। वहां भीड़ बढने् पर एक सभा का रूप में परिवर्तित हो गया। जिसमें हिन्दू सर्व हिन्दू संगठन के नीरज बाजपेयी ने प्रशासन को सौंपे जाने वाले ज्ञापन को पढ़ कर सुनाया। इसके बाद पूरे-जोशों खरोश से निकली रैली का नगर भ्रमण हुआ। शहर के महावीर चौक से निकली विशाल हिंदू जन आक्रोश रैली का मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, दुर्गा चौक होते हुए बसंतपुर थाना व सदर लाइन से होकर भारत माता चौक होकर शहर के अन्य प्रमुख लाइनों में पहुंची तत्पश्चात पुनः महावीर चौक में पहुंचने पर इसका समापन हुआ। शहर में निकली इस विशाल हिंदू जन आक्रोश रैली का लोगों में व्यापक असर देखा गया।

संयोजक नीरज बाजपेयी ने सफलता पर जताया आभार

राजनांदगॉव (दावा)। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों एवं धार्मिक स्थलों को हो रही क्षति के विरोध में रखी गई। हिंदू जन आक्रोश रैली में शामिल होकर अपनी एकता का परिचय देने वाले सभी हिंदू समाज के प्रमुखों एवं साथ में आए सभी नागरिक बंधुओं को साथ ही अपनी संस्था को स्वफूर्त बंद कर इस आक्रोश रैली में शामिल हुए सभी व्यापारीगण, विशेष रूप से पधारी समस्त मातृशक्ति एवं शहर के गणमान्य व्यक्तियों को सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित इस रैली के संयोजक नीरज बाजपेयी की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

आजादी की जश्न मनाकर लौटते स्कूली छात्र की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, एक घायल

- ० ग्रामवासियों ने रानी तराई-महराजपुर रोड पर किया चक्काजाम
- ० तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाए जाने व स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगभग 10 कि.मी. दूर रानी तराई महराजपुर मार्ग में आजादी की जश्न मनाकर घर लौट रहा छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में एक छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वही उसका साथी छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार हेतु हास्पिटल ले जाया गया।

घटना 15 अगस्त गुरूवार के लगभग 11-12 बजे की बताई जाती है। सूत्रों की माने तो रानीतराई-महराजपूर रोड में आस्था ढाबा के पास एक तेज रफ्तार परिवहन बस ने स्कूल से आ रहे दो छात्रों को अपनी चपेट में ले लिया। इससे मनीष पिता विरेन्द्र सोनवानी नामक छात्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही उसका साथी छात्र मानस साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होते ही स्कूल के लोग तथा आसपास के ग्रामवासी सड़क पर जमा हो गए और आक्रोषित होकर चक्का जाम कर दिया। इससे रानीतराई-महराजपुर मार्ग में घंटो चक्का जाम रहा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे सुरगी सरपंच राजेन्द्र साहू ने स्थानीय प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रानी तराई- महराजपुर, सिंघोला मार्ग तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही से दुर्घटनाजनक मार्ग हो गया है।

आए दिन कोई न कोई दुर्घटनाए होते रहती है। पिछले दिनों 5 लोग सड़क हादसे में मौते की शिकार हो गए है। उन्होंने इस रोड में तेज रफ्तार से आने वाले वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की आवश्यकता जताई और कहा कि कई बार इस रोड में स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की जा चुकी है। इसके बाद भी सम्बंधित विभाग चुप्पी साधे हुए है। उन्होंने महराजपुर चौक व रानी तराई बाजार सहित उस रोड में सिंघोला के पास स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है।

देर से पहुंची पुलिस

सड़क पर चक्का जाम अवसर पर मौके पर पहुंचे सांसद प्रतिनिधि विवेक साहू ने कहा कि हायर सेकण्डरी स्कूल से 15 अगस्त मनाकर लौट रहे रानीतराई का छात्र सड़क हादसे का शिकार होना प्रशासन की लापरवाही है। ग्रामवासियों द्वारा इस सड़क में तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने कई बार स्पीड ब्रेकर की मांग की जा रही है। लेकिन ध्यान ही नहीं दिया जा रहा जिसके परिणाम स्वरूप रोज इस सड़क पर दुर्घटनाए हो रही है।

लोग तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर अकाल मौत भर रहे है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी सुरगी चौकी को दी गई। इसके बाद भी पुलिस आधे घंटे बाद पहुंची इससे पुलिस प्रशासन के प्रति लोगों का आक्रोश और भी बढ़ गया है।

अपूर्व उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने उद्बोधन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने ध्वजारोहण के बाद समारोह में परेड का निरीक्षण किया।

परेड द्वारा हर्ष फायर किया गया। परेड द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारजनों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकड़ियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों एवं टीम को पुरस्कार वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी को तिरंगे की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड का नेतृत्व परेड कंमाडर उप पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार एक्का ने किया। निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव ने परेड टू-आई-सी का दायित्व निभाया। परेड में 13 प्लाटून ने भाग लिया। परेड में 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव, पीटीएस बल पुरूष राजनांदगांव, जिला पुलिस बल पुरूष, नगर सेना, जिला पुलिस बल महिला, एनसीसी दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी कमला कॉलेज राजनांदगांव, एनसीसी बालक स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालक म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी बालिका स्टेट स्कूल एवं एनसीसी बालिका म्यूनिसिपल स्कूल, एनसीसी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र बसंतपुर स्कूल, स्काउट-गाईड महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पीटी की प्रस्तुति दी गई। समारोह में महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, स्वामी आत्मानंद डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, नीलू शर्मा, रमेश पटेल, राजेन्द्र गोलछा, पद्मश्री पुखराज बाफना, पुलिस अधीक्षक पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र गजेन्द्र सिंह, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कमल किशोर श्रीवास्तव, गजेन्द्र हरिहारणो, लेखाप्रसाद उर्वशा ने किया।

मुख्यमंत्री ने किया स्वदेशी मेला के ब्रोशर का विमोचन

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने आवासीय कार्यालय में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो में होने वाले आयोजित 'स्वदेशी मेला' की विवरणिका, ब्रोचर का विमोचन किया. इस अवसर पर छत्तसीगढ़ राज्य औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्री रामप्रताप सिंह जी भी उपस्थित रहे, प्रदर्शनी का आयोजन भारतीय विपणन विकास केंद्र (स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की एक इकाई) द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी ने प्रतिनिधिमंडल को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम हार्दिक शुभकामनाएं दी।

भारतीय विपणन विकास केंद्र के मेला प्रबंधक सुब्रत चाकी ने बताया की पिछले दो दशक से यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जा रहा है और हर गुजरते साल के साथ इस कार्यक्रम की लोकप्रियता जनता के बीच बढ़ती जा रही है। इस वर्ष यह स्वदेशी मेला कबीरधाम में 17 से 23 अक्टूबर, बिलासपुर 15 से 21 नवम्बर, रायपुर 27 दिसम्बर 2024 से 3 जनवरी 2025 राजनांदगांव 7 फ़रवरी से 13 फरवरी व जगदलपुर में 2 मार्च से 9 मार्च 2025 तक आयोजित होगा।

प्रतिनिधिमंडल में स्वदेशी जागरण मंच के प्रान्त संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रान्त समन्वयक जगदीश पटेल, प्रवीण मैशेरी, श्रीमती शीला शर्मा, युगबोध अग्रवाल, अमर बंसल, अमरजीत सिंह छाबड़ा, श्रीमती सुमन मुथा, नवीन शर्मा, बिलासपुर संभाग संयोजक डॉ. सुशील श्रीवास्तव, डॉ. प्रफुल्ल शर्मा, दिग्विजय भाकरे, प्रांत पत्रिका प्रमुख श्री जी आर जगत, विपणन अधिकारी श्री जयेश पंचाल, नारायण गोस्वामी, श्री उचित सूद, योगेन्द्र बंजारे, राजनंदगांव जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, विभाग संघचालक विष्णु साव, अमर लालवानी, किसुन यदु, मनोज निर्वाणी, सुधीर फौजदार, प्रवीण देवड़ा, आकाश चोपड़ा एवं अन्य स्वदेशी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महाविद्यालयों के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। उप मुख्यमंत्री, गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा के अनुमोदनानुसार कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा जिले के शासकीय महाविद्यालयों में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्ति आदेश जारी किया गया है।

इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय अवंती बाई लोधी महाविद्यालय घुमका के लिए राजेश श्यामकर, शासकीय अवंती बाई लोधी महाविद्यालय रामाटोला के लिए अशोक वर्मा, शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय लाल बहादुर नगर के लिए श्रीमती पुष्पलता वैष्णव, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के लिए सुनील जैन (चीकू) एवं डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत शासकीय बाबा साहेब अम्बेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगांव के लिए योगेश पटेल, शासकीय नवीन महाविद्यालय अर्जुनी के लिए टामेश्वर साहू तथा छुरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के लिए राजेश्वर ध्रुर्वे को आगामी आदेश पर्यन्त अस्थायी रूप से जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मकान प्लास्टर के दौरान करेंट की चपेट में आया राजमिस्त्री

डोंगरगांव (दावा)। नगर के राजीव नगर में स्थित कीर्तन अहीर के निर्माणाधीन मकान में प्लास्टर कार्य के दौरान एक राजमिस्त्री करेंट की चपेट में आ गया, जिसे मुहल्लेवासियों की मदद से गंभीर हालत में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव निवासी सतीष यादव 32 वर्ष कीर्तन अहीर के मकान में प्लास्टर का कार्य कर रहा था मकान से सटकर गुजरने वाले 11केव्ही तार में दौड़ रहे करेंट की चपेट में आया और अचेत अवस्था में देखकर साथ कार्य कर रहे मजदूरों ने तार को बांस की सहायता से अलग किया, वहीं पीड़ित सतीश को डोंगरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटना में सतीष का चेहरा, हाथ व अंगुली बुरी तरह से जल गया है।

स्वतंत्रता दिवस पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को मिला प्रथम पुरस्कार

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीत पर आधारित समूह नृत्य का आकर्षक प्रदर्शन किया। जिसमें स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव द्वारा आरंभ है प्रचंड है... देश भक्ति गीत पर आधारित नृत्य समूह को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। युगांतर पब्लिक स्कूल द्वारा बढ़ता भारत बदलता भारत... देश भक्ति गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस मनमोहक प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी तरह महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव के विद्यार्थियों द्वारा इतिहास का मैं आईना हूं... देश भक्ति गीत पर प्रस्तुति दी गई। विद्यार्थियों को इस प्रस्तुति के लिए तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पहले शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने आकर्षक व्यायाम प्रदर्शन किया।

38वीं बटालियन आईटीबीपी को मिला प्रथम पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शौर्य परेड मैदान पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में आर्म्स प्लाटून के साथ-साथ एनसीसी और स्काउट-गाईड की टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। आर्म्स प्लाटून वर्ग में 38वीं बटालियन आईटीबीपी की टोली को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। द्वितीय स्थान पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 8वीं बटालियन राजनांदगांव का दल रहा। अनार्म्स प्लाटून वर्ग में एनसीसी दिग्विजय महाविद्यालय (महिला) को प्रथम एवं एनसीसी दिग्विजय महाविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

जूनियर बालक वर्ग में एनसीसी सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम एवं एनसीसी डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जूनियर बालिका वर्ग में एनसीसी स्टेट स्कूल बालिका को प्रथम एवं स्काउट-गाईड महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

आज शहर सहित पूरे जिले भर की चिकित्सा व्यवस्था रहेगी ठप

कोलकाता के हास्पीटल में ट्रेनी डाक्टर की नृशंस हत्या व बलात्कार के विरोध में डाक्टर नर्स व स्टाफ रहेंगे हड़ताल पर

राजनांदगांव (दावा)। आज 17 अगस्त को शहर भर के शासकीय व निजी चिकित्सालयों सहित जिले भर के चिकित्सा सेवाएं बंद रहेगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित उक्त चिकित्सा सेवा बंद के तहत सभी डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सा सेवा से जुड़े लोगो द्वारा आज 17 अगस्त शनिवार को पूरी तरह काम बंद हड़ताल किया जा रहा है।

बता दें कि 9 अगस्त 2024 की सुबह कोलकाता के आर जी कर मेडिकाल कॉलेज में चेस्ट मेडिसिन की एक युवा पोस्ट ग्रेजुएट छात्रा के साथ क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। इसने मेडिकल बिरादरी और पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। तब से रेजिडेंट डॉक्टर हडताल पर है। आई. एम.ए द्वारा देश भर में विरोध प्रदर्शन और कैंडल मार्च भी निकाले गए हैं। कॉलेज प्रशासन ने अपराध की स्थिति को बहुत खराब तरीके से संभाला और पहले दिन के बाद पुलिस जांच ठप हो गई। गत 13 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने अब तक की जांच से असंतोष व्यक्त करते हुए राज्य पुलिस से मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर राज्य पुलिस अपनी जांच जारी रखती है तो सबूत नष्ट होने की संभावना है। 15 अगस्त को अस्पताल में भारी भीड़ ने तोड़फोड़ की और अस्पताल के विभिन्न हिस्सों को नष्ट कर दिया, जिसमें वह क्षेत्र भी शामिल था जहां पीड़िता मिली थी। विरोध प्रदर्शन कर रहे मेडिकल छात्रों पर भी हमला किया गया।

चिकित्सा सेवा बंद

बता दें कि पेशे की प्रकृति के कारण डॉक्टर विशेष रूप से महिलाएँ हिंसा की चपेट में आती हैं। अस्पतालों और परिसरों के अंदर डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अधिकारियों का काम है।

शारीरिक हमले और अपराध दोनों ही डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य सेवा कर्मियों की जरूरतों के प्रति संबंधित अधिकारियों की उदासीनता और असंवेदनशीलता का परिणाम हैं। आर जी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता में हुए क्रूर अपराध और स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर की गई गुंडागर्दी के बाद, रायगढ़ भारतीय चिकित्सा संघ ने शनिवार 17.अगस्त को सुबह 6 बजे से रविवार 18 अगस्त को सुबह 6 बजे तक 24 घंटे के लिए आधुनिक चिकित्सा के डॉक्टरों की सेवाओं को देश भर में वापस लेने की घोषणा की है। सभी आवश्यक सेवाएँ जारी रहेगी। कैजुअल्टी की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन नियमित ओपीडी काम नहीं करेगी और वैकल्पिक सर्जरी नहीं की जाएगी। यह वापसी उन सभी क्षेत्रों में होगी जहाँ आधुनिक चिकित्सा के डॉक्टर सेवा दे रहे हैं। कहा गया है कि आई. एम.ए को अपने डॉक्टरों के न्यायोचित हित के लिए राष्ट्र की सहानुभूति की आवश्यकता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com